RNI NO. RAJHIN/2007/21050 वर्ष » 19 अंक » 257

टोंक » सोमवार » 22 अप्रैल, 2024

पृष्ठ » 08 मूल्य » 1 रुपए

# दैनिक खबरों की दुनिया

संस्करण
टोंक, जयपुर और मुरैना (मध्य प्रदेश)

Phone : 9414885972, 9829017239 KKDJPR@GMAIL.COM www.khabronkiduniya.com

संपादकीय

खबरों की दुनिया

पार्टियां पहले चरण की गलती दूसरे चरण में नहीं दोहराना चाहती

## जनता से ज्यादा पार्टी को महत्व ने कराया कम मतदान

लोकसभा चुनावों का पहला चरण 19 अप्रेल को समाप्त हो गया है। इस चरण में हुए कम मतदान ने पार्टियों और प्रत्याशियों की आखें खोल कर रख दी हैं। भारत में लोकतन्त्र अभी इतना विकसित नहीं हुआ है कि लोग



डॉ. एल. सी. भारतीय
प्रधान सम्पादक

स्वैच्छा से मतदान करने पार्टी या प्रत्याशी के नाम पर मतदान केन्द्र पर पहुँचे और पहुँचे भी क्यों? मतदान कराने के बाद उसे पूछता कौन है? इस बार तो मतदान से पहले भी उसे किसी ने नहीं पूछा। 'खबरों की दुनिया' के रिपोर्टर ने विभिन्न इलाकों का दौरा करने के बाद बताया कि कई इलाकों में तो किसी पार्टी का कोई नुमाईंदा तक नहीं पहुँचा, केवल पर्चियां ही पहुँची हैं। भारत का मतदाता बिना आवभगत के वोट देने नहीं जाता है। उसे लाने ले जाने के लिए भी पार्टी या प्रत्याशी के द्वारा प्रचालित वाहन चाहिये।




### पाँच साल में एक बार ही मौका आता है

हर मतदाता जानता है कि पांच साल में एक बार ही तो मौका आता है खुशामद कराने का। यदि आपने पति को मना लिया तो पत्नी मना कर देती है। कहती है कि मुझे तो याद ही नहीं किया। 5 साल में कोई नेता या विजेता बेचारे मतदाता की सुध लेने नहीं आता है। पार्टी का झण्डा उठाकर रैलियों में चलने वाले तो देहाड़ी मजदूर होते हैं। उनमें सच्चे कार्यकर्त्ताओं की संख्या बहुत कम होती है। दूसरे चरण के मतदान से पहले यदि प्रतिशत बढ़ाना है तो आपको कच्ची बस्तियों से लेकर बंगलों तक दस्तक देनी होगी। उनसे वोट देने का आग्रह करना होगा। तब कहीं वह बाहर निकलकर वोट डालेगा। वैसे लोकसभा का क्षेत्र बहुत बड़ा होता है। जहाँ हर मतदाता तक पहुँचना संभव भी नहीं है। बड़े-बड़े नेताओं के क्षेत्रों तक ही प्रचार सीमित रहता है।

### कम मतदान, दोनों बड़ी पार्टियां अपने पक्ष मे बता रही हैं

राजस्थान ही नहीं अपितु पूरे देश में पहले चरण के चुनावों में मतदान का प्रतिशत कम रहा। कम मतदान को दोनों ही पार्टियां अपने-अपने पक्ष में बता रही हैं। प्रधानमंत्री ने तो मतदाताओं को बधाई देते हुए कहा है कि आपने एनडीए को विकसित भारत के पक्ष में वोट दिया है। दूसरी ओर विपक्ष का मानना है कि भाजपा की फिल्म पहले ही दिन फ्लॉप हो गयी है। युवाओं को मोबाईल ने इतना अपने मक्कड़जाल में फंसा लिया है कि वह वोट डालने आया ही नहीं। उसे किसी ने वोट का महत्व तक नहीं बताया। कच्ची बस्तियों में मतदान की पहली रात को बांटी जाने वाली शराब भी नहीं बांटी गयी। चलो जो कुछ हुआ अच्छा हुआ लेकिन 26 अप्रेल के मतदान में इसकी पुनरावृत्ति न हो। इसके लिये हमें सचेत रहना चाहिए। चाहे कोई आए या न आए। हमें मतदान अवश्य करना चाहिए क्योंकि मतदान हमारा राष्ट्रीय कर्त्तव्य है।

### राहुल गाँधी को वायनाड में घेरने की तैयारी!

अमेठी छोड़ केरल के वायनाड से दूसरी बार चुनाव लड़ रहे कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी को भाजपा व केरल के मुख्यमंत्री वायनाड में ही पछाड़ना चाहते हैं। जिस मुख्यमंत्री की पार्टी इंडिया गठबन्धन का हिस्सा है वह सार्वजनिक रूप से राहुल गांधी की निन्दा करता है और राहुल गाँधी उस पर पूर्व में लगे भ्रष्टाचार के आरोपों के चलते गौर नहीं किये जाने पर आश्चर्य प्रकट करते हैं। वायनाड में तो स्थिति यहाँ तक है कि कांग्रेस अपना तिरंगा झण्डा तक हीं लगा सकती है। मुस्लिम, ईसाई बाहुल्य क्षेत्र में कांग्रेस के राजकुमार दूसरी बार कड़े संघर्ष में फंसे हैं। अभी रायबरेली व अमेठी की स्थिति स्पष्ट नहीं है। गांधी परिवार की परम्परागत सीटों से कौन चुनाव लड़ेगा? प्रियंका गांधी कहाँ से चुनाव लड़ेगी यह भी अभी स्पष्ट नहीं है।

---

जालोर में गरजे प्रधानमंत्री मोदी, कांग्रेस पर कसा तंज

## जिस पार्टी ने कभी 400 सीटें जीती थीं, आज वो 300 सीट पर चुनाव नहीं लड़ पा रही हैं : मोदी

खबरों की दुनिया



**जालोर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को राजस्थान के जालौर पहुंचे, जहाँ उन्होंने विजय शंखनाद रैली को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने फिर एक बार मोदी सरकार का अपना नारा दोहराया। इसी के साथ उन्होंने कांग्रेस पार्टी पर भी जमकर निशाना साधा। राजस्थान की जालौर लोकसभा सीट पर 26 अप्रैल को मतदान होने हैं। इस बार भाजपा ने इस सीट से लुम्बाराम चौधरी को मैदान में उतारा है।

### कांग्रेस पर पीएम मोदी का वार

कांग्रेस पर निशाना साधते हुए पीएम मोदी ने कहा, कांग्रेस की कमजोर सरकार को आते-जाते लोग भी धमकाते थे, हर कोई देश को लूटने में जुटा था। प्रधानमंत्री को तो कोई पूछता ही नहीं था, सरकार रिमोट कंट्रोल से चला करती थी।

कैबिनेट से पास हुए अध्यादेश को उनकी पार्टी के ही एक नेता मीडिया की मीटिंग बुला कर फाड़ कर फेंक देते हैं। अस्थिरता की प्रतीक कांग्रेस पार्टी और उनका

कुनबा, देश को चला सकता है क्या? पीएम ने आगे कहा, आज कांग्रेस पार्टी की जो हालत हुई है, उसकी गुनहगार वो खुद है। कांग्रेस ने देश पर 60 वर्षों तक राज किया। इसी कांग्रेस ने हमारी माताओं बहनों को शौचालय, गैस, बिजली, पानी, बैंक अकाउंट जैसी छोटी-छोटी चीजों के लिए तरसाया। इसी कांग्रेस ने परिवारवाद और भ्रष्टाचार का दीमक फैलाकर देश को खोखला कर दिया। इन्हीं पापों की सजा देश उनको दे रहा है। उन्होंने कहा, जिस पार्टी के कभी 400 सांसद जीते थे, आज वो 300 सीट पर चुनाव नहीं लड़ पा रही है। आज कांग्रेस की हालत ये है? कि उन्हें उम्मीदवार नहीं मिल पा रहे हैं। इन्होंने अवसरवादी इंडी अलायंस बना लिया है, जिसकी पतंग उड़ने से पहले ही कट गई है।

### देश को 2014 के पहले जो हालात थे, वो हालात दोबारा नहीं चाहिए

जालौर में विजय शंखनाद रैली को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा, भाजपा और जालोर सिरोही की रिश्ता बहुत खास है। आपने हर बार भाजपा को भरपूर आशीर्वाद दिया है। इस बार भी जालोर सिरोही यही कह रहा है- फिर एक बार मोदी सरकार।
उन्होंने आगे पहले चरण के मतदान का जिक्र करते हुए कहा, पहले चरण के मतदान में आधे राजस्थान ने कांग्रेस को बराबर की सजा दी है। राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत
राजस्थान ये जानता है कि कांग्रेस कभी भी मजबूत भारत बना ही नहीं सकती। देश को ऐसी कांग्रेस सरकार नहीं चाहिए। देश को 2014 के पहले जो हालात थे, वो हालात दोबारा नहीं चाहिए।

### अपनी गारंटियों का प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने किया जिक्र

पीएम मोदी ने अपनी गारंटियों का जिक्र करते हुए कहा, मोदी ने गारंटी दी है कि हर परिवार में 70 वर्ष के ऊपर की आयु के बुजुर्गों के इलाज का 5 लाख रुपये तक का खर्च दिल्ली में बैठा उनका ये बेटा उठाएगा। एक बेटे के रूप में मां-बाप की सेहत का ध्यान रखना मेरा दायित्व है। उन्होंने आगे कहा, अभी हमें राजस्थान के विकास को, देश के विकास को नई बुलंदी देनी है। ये संकल्प लेकर मैं चल पड़ा हूं। भारत को दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक शक्ति बनाना है। विकसित भारत-विकसित राजस्थान बनाना है।

---

केजरीवाल की पत्नी ने केन्द्र सरकार पर साधा निशाना

## अरविन्द केजरीवाल को जेल मारने की साजिश रची जा रही हैं : सुनीता केजरीवाल



एजेन्सी

**नई दिल्ली।** इंडिया गठबंधन की 'उलगुलान न्याय रैली' में दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने केन्द्र सरकार पर निशाना साधा।
सुनीता केजरीवाल ने रैली में दिल्ली सीएम के स्वास्थ्य का मुद्दा भी उठाया। उन्होंने आम आदमी पार्टी के शब्दों को दोहराते हुए आरोप लगाया कि केजरीवाल को मारने की साजिश रची जा रही है।
सुनीता केजरीवाल ने कहा, अरविंद केजरीवाल को सत्ता की कोई इच्छा नहीं है। वह सिर्फ देश की सेवा करना चाहते हैं।
वह देश को नंबर 1 बनाना चाहते हैं। बहुत से लोग कहते हैं कि ये मुश्किल है। उन्होंने आगे नारा लगाया जेल के ताले टूटेंगे, अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन छूटेंगे। आगे बोलते हुए सुनीता केजरीवाल ने कहा, कई लोगों ने कहा कि राजनीति बहुत गंदी चीज है। वाकई बहुत गंदी चीज है।
उनके खाने पर कैमरा लगाया हुआ है। उनके हर निवाले पर नजर रखी हुई है, कितनी शर्म की बात है। अरविंद केजरीवाल की शुगर की बीमारी का जिक्र करते हुए सुनीता ने कहा, एक शुगर का मरीज है और वह पिछले 12 साल से हर दिन 50 यूनिट इंसुलिन ले रहे हैं। लेकिन जेल में उन्हें इंसुलिन नहीं दिया जा रहा है।
वे दिल्ली के सीएम को मारना चाहते हैं।
वे बहुत बहादुर हैं। वह शेर है, उन्हें जेल में भी भारत माता की चिंता है। सुनीता केजरीवाल ने आगे कहा, उन्होंने अरविंद केजरीवाल और हेमंत सोरेन को जेल में डाल दिया है। उन्होंने बिना दोषी साबित हुए ही उन्हें जेल में डाल दिया है।

**ये तानाशाही है**

मेरे पति का क्या दोष? क्या यह अच्छी शिक्षा, स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान कर रहा है? देशभक्ति उनके खून में है। वह एक आईआईटीयन हैं, वह विदेश जा सकते थे, लेकिन वह देशभक्ति को प्राथमिकता देते हैं। आईआरएस के रूप में, उन्होंने सार्वजनिक सेवा करने के लिए छुट्टियाँ लीं।
उन्होंने लोगों के लिए अपनी जिंदगी दांव पर लगा दी है।

---

## शिवसेना (उद्धव गुट) को चुनाव आयोग का नोटिस

कैंपेन सॉन्ग से 'भवानी' शब्द हटाने को कहा , उद्धव ठाकरे ने नोटिस पर जताई नाराजगी

एजेन्सी



**मुम्बई।** चुनाव आयोग ने रविवार को शिवसेना (उद्धव गुट) को नोटिस भेजकर कैंपेन सॉन्ग से 'भवानी' शब्द हटाने को कहा है। आयोग ने कहा कि यह शब्द हिंदू देवी से जुड़ा हुआ शब्द है। इलेक्शन में इस तरह के धार्मिक नारे का इस्तेमाल नहीं कर सकते। आयोग के नोटिस पर उद्धव ठाकरे ने नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि वे अपने थीम सॉन्ग से भवानी शब्द नहीं हटाएंगे। आयोग को जो कार्रवाई करनी है करे। उद्धव ने आगे कहा कि बीजेपी नेता कई बार धर्म के नाम पर वोट मांग चुके हैं, लेकिन उनके खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई। चुनाव आयोग पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह पर कार्रवाई करे। दरअसल, उद्धव गुट ने इलेक्शन कैंपेन के लिए 16 अप्रैल को प्रमोशन सॉन्ग रिलीज किया था, जिसमें 'भवानी' शब्द का जिक्र है।

**मोदी-शाह धर्म के नाम पर वोट मांगते हैं**

उद्धव ने कहा कि कर्नाटक के चुनाव में पीएम मोदी ने जय बजरंग बली बोलकर वोट देने की बात कही। अमित शाह ने मध्यप्रदेश के विधानसभा चुनाव में लोगों को मुफ्त में राम मंदिर के दर्शन कराने की बात की। इसको लेकर मैंने इलेक्शन कमीशन को लेटर लिखा था। मैंने पूछा था कि प्रधानमंत्री और गृह मंत्री धर्म के नाम पर वोट मांग रहे तो क्या उस पर चुनाव आयोग करवाई करेगा, लेकिन आज तक मुझे इस लेटर का जवाब नहीं मिला।

**महाराष्ट्र की कुल देवी का अपमान**

उद्धव ने कहा हमने भाजपा की तरह हिंदू धर्म के नाम पर वोट की भीख नहीं मांगी। न ही कहा कि जो जय भवानी कहेगा, उसे वोट देना है, लेकिन फिर भी हमे चुनाव आयोग ने नोटिस हमें भेजा। चुनाव आयोग ने महाराष्ट्र का अपमान किया। देवी तुलजा भवानी महाराष्ट्र की कुल देवी है। उनका अपमान हम बिल्कुल बर्दाश्त नही करेंगे।

---

## राजस्थान में शिक्षक भर्ती के लिये होगी केवल एक परीक्षा : मदन दिलावर

खबरों की दुनिया



**जोधपुर।** राजस्थान में सरकारी टीचर बनने के लिए अब अलग-अलग एग्जाम देने की जरूरत नहीं पड़ेगी। शिक्षा विभाग एक एंट्रेंस टेस्ट पॉलिसी तैयार कर रहा है। इसके तहत अलग-अलग ग्रेड और सब्जेक्ट में टीचर्स की भर्ती की जाएगी। यह बात जोधपुर में एक कार्यक्रम में शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कही है। दिलावर ने कहा- सरकार गवर्नमेंट और प्राइवेट स्कूलों की यूनिफॉर्म एक जैसी करने की भी तैयारी कर रही है। इसे जल्द ही लागू कर दिया जाएगा। शिक्षा मंत्री ने कहा- शिक्षा विभाग में नौकरी के लिए युवाओं को भविष्य में अलग-अलग टेस्ट नहीं देने होंगे। हमारी सरकार इसको लेकर प्लानिंग कर रही है। वैसे फिलहाल जो प्रक्रिया है, इसमें अलग-अलग टेस्ट देने के साथ बीएड भी करनी होती है।
उसके बाद भी एक और टेस्ट होगा। तब जाकर नौकरी लगेगी। उसमें संशोधन होना चाहिए।
शिक्षामंत्री ने कहा मुझे लगता है, इसकी जगह एक बार परीक्षा होनी चाहिए। इसमें ग्रेड फर्स्ट, ग्रेड, सेकेंड, ग्रेड थर्ड के साथ अलग-अलग सब्जेक्ट के टीचर्स का सिलेक्शन किया जाए। इसके साथ ही उसकी मेरिट भी तैयार हो। उन्हें बीएड करके आने के बाद परमानेंट किया जा सकता है।

---

## पश्चिम बंगाल में सीएए लागू करने से कोई रोक नही सकता : राजनाथ सिंह



एजेन्सी

**मालदा।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने रविवार को कहा कि भाजपा अपने वादों को पूरा करती है, इसलिए कोई भी पश्चिम बंगाल में नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) को लागू होने से नहीं रोक सकता है। उन्होंने कहा कि सीएए किसी की नागरिकता छीनने के लिए नहीं है बल्कि धार्मिक आधार पर पाकिस्तान, बांग्लादेश और अफगानिस्तान से विस्थापित लोगों को भारतीय नागरिकता देने का कानून है। मालदा उत्तर निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार खगेन मुर्मू के समर्थन में यहां एक रैली को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा, ''कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस या वामपंथी दल चुनाव के दौरान कई वादे करते हैं, जो पूरे नहीं होते हैं, लेकिन भाजपा अपने वादों को पूरा करती है।'' उन्होंने कहा कि शेष भारत के साथ-साथ पश्चिम बंगाल में भी सीएए को लागू होने से कोई नहीं रोक सकता। सिंह ने कहा, ''ममता दीदी (मुख्यमंत्री ममता बनर्जी) कहती हैं कि वह अपने राज्य में सीएए को लागू नहीं होने देंगी। वह पश्चिम बंगाल के लोगों को धोखा देने की कोशिश क्यों कर रही हैं।'' राजनाथ सिंह ने कहा कि पिछली सरकारों के विपरीत नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार में भारत के साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार किया जाता है। उन्होंने कहा, ''जब हम अंतरराष्ट्रीय मंच पर कुछ कहते हैं, तो उसे सम्मान के साथ सुना जाता है।''

---

राहुल गांधी को हुई फूड पॉइजनिंग सतना की सभा में नही हुये शामिल, खड़गे ने कसा भाजपा पर तंज

## अडाणी-अंबानी लेने वाले, मोदी-शाह बेचने वाले : खड़गे

एजेन्सी



**सतना।** कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, मैं कई जगह घूमा। जहां भी गया, वहां लोगों के प्रमुख मुद्दे महंगाई-बेरोजगारी हैं। महंगाई गरीबों की कमर तोड़ रही है। जान ले रही है। कोई खुश नहीं है। एक ही आदमी मोदी खुश है। लोग गरीबी में रहें, उनको खाना न मिले, उनकी आमदनी न बढ़े, यही मोदी का मेन मकसद है। उनका स्लोगन है- सबका साथ, सबका विकास, बाकी लोगों को सत्यानाश।
खड़गे कांग्रेस के स्टार प्रचारक राहुल गांधी का दौरा कैंसिल होने के बाद सतना में सभा को संबोधित करने पहुंचे थे।
बीटीआई मैदान में उन्होंने कहा, मैं माफी चाहता हूं कि राहुल नहीं आ सके। उन्हें फूड पॉइजनिंग हुई है। उन्होंने मुझसे कहा कि मुझे सतना जाना था। अब अगर इसकी भरपाई कोई कर सकता है तो आप ही कर सकते हैं। पूर्व में तय कार्यक्रम के मुताबिक, सतना में राहुल कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी सिद्धार्थ कुशवाहा डब्बू के समर्थन में आम सभा लेने वाले थे। सतना में लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में 26 अप्रैल को वोट डाले जाएंगे।

### नेहरू ने साइंस एंड टेक्नोलॉजी को बढ़ावा दिया

पं. जवाहरलाल नेहरू ने 16-17 साल हुकूमत की। उनकी पंचवर्षीय योजना में आपको सब काम दिखेंगे। आईटी दिखेगा, एम्स दिखेगा, रेलवे की तरक्की दिखेगी।
जिस देश में एक सुई नहीं बनती थी, उस देश में साइंस एंड टेक्नोलॉजी को बढ़ावा देकर रॉकेट बनाने का काम उन्होंने किया। इंदिरा गांधी जी ने उस रॉकेट को उड़ाया।

### इनके लोग कहते हैं- मेजॉरिटी दो, हम संविधान बदलेंगे

मोदीजी कहते हैं कि डॉ. अंबेडकर ऊपर से नीचे आएं तो भी संविधान नहीं बदलेगा। ये मेरे नहीं, उनके अल्फाज हैं।
आपने सुना होगा-पढ़ा होगा। मैं पूछता हूं कि अगर ये सच है तो आपके एमपी लोग क्यों कहते हैं, भागवत क्यों कहते हैं, एमएलए क्यों कहते हैं कि हमको टू थर्ड मेजोरिटी दो, हम संविधान बदलेंगे।
ये उनका कहना है। क्या ऐसे इंसान के नेतृत्व को आप वोट देंगे।

### वे अपनी पार्टी का नाम भी नहीं लेते

चंद लोग पूछते हैं कि बार-बार मोदी का नाम क्यों लेते हो? क्या करें, वे कभी अपनी पार्टी बीजेपी का नाम ही नहीं लेते। कहते हैं- ये मोदी की गारंटी, ये मोदी की 56 इंच छाती, ये मोदी की देन हैं। जब मोदी की ही देन है तो हम क्या करें? मोदी को ही पकड़ना पड़ेगा।

### हमने मनरेगा, फूड सिक्योरिटी जैसे मजबूत कानून बनाए

हम लोग जो वादे करते हैं, वो निभाते हैं। अगर वादे नहीं भी करे तो गरीबों के लिए जो अच्छा करना चाहिए, हमारी नेता सोनिया गांधी ने करके दिखाया। मनरेगा, फूड सिक्योरिटी एक्ट हमने दिया। गरीबों के पेट भरने के लिए मुफ्त चावल, ज्वार, रागी सब दिया। हमने मजबूत कानून बनाए। अगर मोदी भी चाहें तो इसे नहीं निकाल सकते।

### अडाणी-अंबानी लेने वाले, मोदी-शाह बेचने वाले

दो आदमी देश के हर सामान को बेच रहे हैं। एयरपोर्ट, रोड, रेलवे बेच रहे हैं। अडाणी और अंबानी लेने वाले हैं, मोदी और शाह बेचने वाले हैं। बैंक बर्बाद कर दिए। 16 लाख करोड़ रु. अमीरों का कर्ज माफ कर दिया, लेकिन गरीब किसानों का कर्ज माफ नहीं हुआ।

खबरों की दुनिया
एक नजर

## राकसिया दम्पति की शादी की गोल्डन जुबली समारोह में किया सम्मानित



खबरों की दुनिया

**लक्ष्मनगढ़।** व्यवसायी राधेश्याम राकसिया व रूक्मिणी देवी राकसिया दम्पति की शादी की गोल्डन जुबली समारोह पर महात्मा ज्योतिबा फुले छात्रावास निर्माण समिति की ओर अभिनंदन किया गया।

यहां जिला सरकारी अस्पताल के पास शनिवार को आयोजित राकसिया दम्पति की शादी की गोल्डन जुबली समारोह में समिति के संरक्षक अनिल बागड़ी व अध्यक्ष रामावतार सिंगोदिया के नेतृत्व में समिति की ओर से माल्यार्पण कर, साफा पहनाकर एवं फुले दम्पति की फोटो फ्रेम प्रतिक चिन्ह के रूप में भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर महात्मा ज्योतिबा फुले विकास समिति के अध्यक्ष विनोद गौड़, समिति के प्रवक्ता मनोज राकसिया, रामप्रसाद सैनी, महावीर जाजम, दीपक सैनी, बाबूलाल सैनी सहित समिति के पदाधिकारी सदस्य आदि मौजूद थे।

## गौसेवा कर पूर्व प्रतिपक्ष नेता राजेंद्र राठौड़ का मनाया जन्मदिन




खबरों की दुनिया

**सांखू।** भाजपा नेता पूर्व प्रतिपक्ष नेता राजेंद्र राठौड़ के जन्मदिन पर रविवार को श्रीसाई गौशाला में भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा गायों गुड़ व चारा खिलाया। गौशाला सचिव भंवर लाल गोस्वामी ने बताया की ऐसे शुभ कार्यों में सभी को आगे आकर गौसेवा करनी चाहिए। इस मौके पर वीरेंद्र सिंह तंवर,अरुण कुमार दीक्षित, हेमराज स्वामी, अंकित दीक्षित, रामदयाल निमीवाल, सचिन शर्मा, बलबीर सिंह, ललित शर्मा, नरेश प्रजापत, नरसी जांगिड़, संदीप, सुभाष, सुनील, रमेश, राजेश, सुरेंद्र सिंह, रतनलाल, रामवतार, सोनू गोविंद सहित आदि मौजूद रहे।

## न्यूरो स्पाइन हॉस्पिटल में सर्वाइकल इंजरी के मरीज को मिला जीवन दान

खबरों की दुनिया

**सीकर।** जयपुर रोड स्थित न्यूरो स्पाइन हॉस्पिटल व ट्रोमा सेंटर में सर्वाइकल इंजरी के पेशेंट का एक दुर्लभ ऑपरेशन करके शेखावाटी के वरिष्ठ न्यूरो सर्जन डॉक्टर सीताराम रणवा ने जीवन दान दिया। डॉं रणवा ने बताया कि रोड ट्रेफिक एक्सीडेंट के कारण यंग पेशेंट की गर्दन की हड्डी में फैक्चर होकर नसों में दबाव हो जाता है जिसको विज्ञान की भाषा में इंट्रो लिस्थेसीस कहते हैं इसमें मरीज की जान भी जा सकती है। न्यूरो स्पाइन हॉस्पिटल में पेशेंट का अत्याधुनिक तकनीकी के द्वारा ऑपरेशन करके मरीज को जीवन दान ही नहीं दिया गया अपितु एक वर्किंग लाइव भी दी गई। डॉक्टर सीताराम रणवा ने बताया कि इस तरीके के मरीज में समय रहते और सही जगह पर इलाज नहीं किया होता तो पेशेंट की जान बचाना नामुमकिन है, न्यूरो स्पाइन हॉस्पिटल शेखावटी रीजन का प्रथम व एकमात्र न्यूरो सर्जिकल व ट्रॉमा सेंटर है जहां पर सभी कैशलेस सुविधाओं आरजीएस ईसीएचएस व आयुष्मान आरोग्य योजना द्वारा ब्रेन सर्जरी, स्पाइन सर्जरी, रोड एक्सीडेंट, ब्रेन ट्यूमर व स्लिप डिस्क का दूरबीन द्वारा ऑपरेशन किया जाता है।



# भगवान महावीर जन्म कल्याणक पर शहर में निकली भव्य शोभायात्रा










### दिनभर हुए धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम

खबरों की दुनिया

**सीकर।** जैन धर्म के अंतिम तीर्थंकर वर्तमान शासन नायक, अंहिसा परमो धर्म का संदेश देने वाले तीर्थंकर भगवान महावीर का 2623वें जन्मकल्याणक महोत्सव (महावीर जयंती) बड़े धूमधाम से मनाया गया। जैन समाज के प्रवक्ता विवेक पाटोदी ने बताया कि इस पावन अवसर पर रविवार को विभिन्न धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रम सकल जैन समाज द्वारा आयोजित किए गए। प्रातः काल समस्त जैन मंदिरों में विशेष अभिषेक शांतिधारा हुई, इसके पश्चात विधान पूजन हुए। स्टेशन रोड़ स्थित अहिंसा सर्किल महावीर स्तूप पर जैन वीर संगम द्वारा भक्तिमय कार्यक्रम आयोजित हुए। परमेश्वरी देवी धर्मपत्नी महेन्द्र कुमार ठोलिया(रेवासा वाले) परिवार वालों की तरफ से स्तूप पर झंडारोहण किया गया। इसके पश्चात सकल दिगंबर जैन समाज के द्वारा शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। श्रीदिगंबर जैन विद्यालय सोसायटी द्वारा आयोजित भव्य शोभायात्रा में शाही लवाजमे, ऊंट घोड़े, गाजे बाजे के साथ जन्मकल्याणक महोत्सव को लेकर निकाली गई शोभायात्रा में भव्य रथ में भगवान महावीर की फोटो को सजाया गया। विद्यालय सोसायटी अध्यक्ष डा.प्रदीप जैन व सचिव विनोद जयपुरिया ने बताया कि शोभायात्रा जैन स्कूल से रवाना होकर शहर का भ्रमण कर अहिंसा सर्किल, स्टेशन रोड़, जाट बाजार, बावड़ी गेट, सुभाष चौक, फतेहपुरी गेट बजाज रोड़ होते हुए पुनः विद्यालय परिसर पहुंचीं। इस दौरान शोभा यात्रा में काफी संख्या में जैन समाज के हर वर्ग के लोग सम्मिलित हुए। भगवान महावीर के प्रति आस्था व्यक्त करते हुए शोभायात्रा के दौरान जैन समाज के साथ दूसरे समाज के लोगों ने भी शोभायात्रा का जगह-जगह स्वागत किया। इस दौरान बच्चें बड़े समाज के हर सदस्य भगवान महावीर की भक्ति में डूबा हुआ दिखाई दिया। शोभायात्रा में आगे आगे स्कूल के बच्चे महावीर के जयकारे लगाते चल रहे थे। स्कूल बैंड के साथ पंजाब का लवली बैंड सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर रहा था। भगवान महावीर के सिद्धांतो को दर्शाती विभिन्न संगठनों द्वारा सजाई झांकी को देख सभी मंत्रमुग्ध हो रहे थे। विद्यालय द्वारा तैयार झांकियों के साथ जैन सोश्यल ग्रुप, संस्कार बहु मंडल, जैन मित्र मंडल द्वारा भी झांकियां सजाई गई। वीरध्वनि द्वारा शोभायात्रा की विशेष कवरेज की गई। शोभायात्रा के दौरान जगह जगह ड्रोन से पुष्प वर्षा भी की गई। शोभायात्रा के दौरान स्थानीय पुलिस, प्रशासन के सहयोग हेतु आयोजकों द्वारा आभार व्यक्त किया गया। प्रिंसिपल मिनाक्षी भार्गव ने बताया कि शोभायात्रा के समापन पश्चात विद्यालय परिसर में स्कूल के बच्चो द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। भगवान महावीर के जन्म की खुशियों को दर्शाती नृत्य प्रस्तुतियां भी समाज के बच्चों द्वारा की गई। कार्यक्रम के दौरान आचार्य विद्यासागर जी के जीवन से जुड़ी लघु नाटिका भी प्रस्तुत की गई। विवेक पाटोदी ने बताया कि निकटवर्ती ग्राम दूजोद स्थित महावीर स्वामी जैन मंदिर में सांयकाल 108 दीपकों से महाआरती की गई। स्थानीय स्टेशन रोड़ स्थित अहिंसा सर्किल में जैन सोश्यल ग्रुप द्वारा सजावट की गई।

## अपने पैतृक गांव नवलगढ़ पहुंचे उद्योगपति भामाशाह आदित्य शाह, मुरारका परिवार ने किया स्वागत





खबरों की दुनिया

**सीकर।** कलकत्ता प्रवासी उद्योगपति भामाशाह समाजसेवी रामोतार शाह, सुशील कुमार शाह आदित्य शाह परिवार सहित अपने पैतृक गांव नवलगढ़ के पितृ हवेली पहुंचे। जहां मुरारका परिवार श्रीकांत मुरारका, देवीदत्त मुरारका, मधुसूदन मुरारका आदि ने शाह परिवार का मिथिला परंपरा के अनुरूप पाग, फूल माला व शॉल प्रदान कर स्वागत किया। इसके बाद शाह ने अपने पूर्वज के समाधि स्थल पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। वहीं शाह परिवार ने अपनी कुलदेवी, पितर जी महाराज, शाकंभरी माता, जीवन माता, सहित शिव मंदिर में पूजा अर्चना की। आदित्य शाह पुत्र दिव्यम शाह पितृक गांव में कुलदेवी माता एवं धार्मिक मंदिर में दिव्यम शाह मुंडन संस्कार करवाया गया।

उद्योगपति भामाशाह समाजसेवी देवीदत्त मुरारका ने बताया कि शाह परिवार कलकत्ता में साड़ी का मैन्युफैक्चरिंग एवं व्यापार में बहुत बड़ा नाम है। रामोतार शाह का परिवार धार्मिक विचारों के साथ धार्मिक स्थलों के दर्शन करना लोगों की आर्थिक मदद करना, गायों की सेवा करना, जरूरमंद की मदद करना, धार्मिक अनुष्ठान करना यह उनकी प्रथम प्राथमिकता रहती है। इस अवसर पर शीतल, मैगा अनेक शाह, मुरारका परिवार उपस्थित रहे।

## सालासर धाम में चैत्र पूर्णिमा हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर तीन दिवसीय लक्खी मेले की हुई शुरुआत





खबरों की दुनिया

**सालासर।** सालासर बड़े धार्मिक स्थलो में से एक देश सिद्ध पीठ सालासर धाम में चैत्र पूर्णिमा हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर भरने वाले तीन दिवसीय लक्खी मेले की शुरुआत रविवार हुई। श्री बालाजी महाराज के लक्खी मेले में राजस्थान, पंजाब, हरियाणा, सहित देश के हर हिस्से से एवं विदेश से भी श्रद्धालु दर्शनों के लिए पहुंचते हैं। चिकित्सा व्यवस्था को लेकर मंदिर परिसर मेला ग्राउंड व बाबा मोहन दास जी महाराज की समाधि एवं पदमपुर भंडारे के पास मेडिकल टीमें लगाई गई है जो की आने वाले बाबा के भक्तों को चिकित्सा सुविधा उपलब्ध करवा रही हैं। सालासर बालाजी के आने वाले लाखों श्रद्धालु दर्शन कर श्री बाबा मोहन दास महाराज की समाधि पर मत्था टेककर संत शिरोमणि बाबा मोहन दास महाराज के धुने के परिक्रमा लगाकर उसका भभूत ललाट पर लगाकर सुख समृद्धि की कामना करते हैं।

### पहले दिन एक लाख श्रद्धालुओं ने किए बालाजी के दर्शन

श्रीबालाजी महाराज के तीन दिवसीय लक्खी मेले का आगाज तेरस रविवार से हुआ। पहले दिन श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी। देश के अलग-अलग प्रांतों से आए भक्त बालाजी महाराज की एक झलक पाने को आतुर दिखाई दिए। हाथ में लाल ध्वजाएं लिए हुए कतारबद्ध होकर बाबा के जयकारों के साथ पट्ट खुलने के साथ ही दर्शन किए। बाबा के भक्त शनिवार रात को सालासर पहुंचना शुरू हो गए। श्रद्धालुओं को आराम से दर्शन हो इसके लिए श्रीबालाजी बगीचे से लाइन लगाई गई है जिसके द्वारा ही लाइनों में लगकर दर्शन करवाए जा रहे हैं।

### सुबह जल्दी खोले गए मंदिर के पट्ट

हनुमान सेवा समिति के अध्यक्ष यशोदानंदन पुजारी ने बताया कि दर्शन के लिए मंदिर के पट्ट सुबह जल्दी साढ़े 4 बजे खोल दिए गए और रात्रि में 9 बजे तक खुला रहा। इस दौरान एक लाख श्रद्धालुओं ने बालाजी के दर्शन किए। श्रीबालाजी महाराज महाराज के लक्खी मेले को लेकर चारों तरफ बाबा के जयकारों से आसमान गुंजायमान हो रहा है।

### मेला नियंत्रण कक्ष का किया उद्घाटन

बालाजी महाराज के लक्खी मेले को लेकर रविवार को मेला नियंत्रण कक्ष का उद्घाटन किया गया। एडीएम मंगलाराम, एएसपी दिनेश कुमार, हनुमान सेवा समिति अध्यक्ष यशोदानंदन पुजारी, मांगीलाल पुजारी, नायब तहसीलदार ताराचंद मेहरा, जीतमल शर्मा, आदि ने फीता काटकर शुभारंभ किया। नायब तहसीलदार मेहरा ने बताया कि प्रशासन की और चालू किए गए नियंत्रण कक्ष के द्वारा पूरे मेले पर निगरानी रखी जायेगी और श्रद्धालु किसी भी समस्या से अधिकारियों को अवगत करवा सकते हैं क्योंकि हर समय अधिकारी तैनात रहेंगे।

## लोकसभा चुनावः प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष की प्रतिष्ठा दांव पर, क्या भाजपा जिलाध्यक्ष पहली परीक्षा मे पास होगें ?

सच्चानंद थधानी

**सीकर(खबरों की दुनिया)।** शुक्रवार को राजस्थान में लोकसभा की 25 सीटो में से 12 सीटों का चुनाव प्रथम चरण मे हुआ। इस प्रथम चरण मे राजधानी जयपुर समेत शेखावाटी बेल्ट भी शामिल था। हम गौर करे सीकर लोकसभा क्षेत्र की तो यहा पर पिछले साल हुए विधानसभा चुनावो मे कांग्रेस ने अपना पलड़ा भारी रखते हुए 8 में से 5 सीटे जीती थी। इनमें लक्ष्मनगढ़, फतेहपुर, दातांरामगढ़, सीकर व नीमकाथाना थी। वही लोकसभा चुनावो में फतेहपुर झुंझनूं जिले के हिस्से मे चला जाता है तो चौमू सीकर जिले में आ जाता है जिसमें कांग्रेस का विधायक है।

तो ऐसे में कांग्रेस पार्टी के लिये तो मामला ज्यो का त्यो है पर कमलवाली पार्टी के लिये यह आकड़ा विधानसभा के हिसाब से कमजोर है। पर हम जाने लोकसभा का हाल तो इन चुनावो मे कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष पूर्व मंत्री लक्ष्मनगढ़ विधायक गोविन्द सिंह डोटासरा की प्रतिष्ठा पूरी तरह दांव पर लगी है क्योकि उन्होने ही यह सीट समझोते के तहत माकपा को दी। ऐसे मे सबसे पहले जो उनके सामने चुनोती थी कि वो लाल झंडे वाली पार्टी को यहा किस तरह आगे लाकर उनको अपनी पार्टी के वोट उनकी तरफ डायवर्ड करते है। तो उन्होने परचा दाखिल के दिन से ही यह प्रयास शुरू कर दिया कि इस बार माकपा को लाने मे कांग्रेस कोई कसर नही छोड़ेगी हालाकि जो समझोता हुआ कॉमरेडो से वो उपरी स्तर पर होना बता रहे है।

जिस प्रकार उन्होने दिन रात मेहनत की और पूरी तरह लाल झंडे के साथ खड़े थे उनके साथ रोड़ शो भी किया तो ऐसे मे जो सर्व प्रथम दायित्व है वो उनका ही बनता है। अगर 4 जून को माकपा कामयाब होती है तो जाहिर है गोविन्द सिंह डोटासरा का कद बढ़ेगा। वह उनको राजनिति की नई उच्चाईया हासिल होगी। अगर माकपा चुनाव हारती है तो सीधा सीधा हार का ठीकरा उनके उपर ही आयेगा। तो सारा खेल इनके इर्द गिर्द घुमेगा।

जहा तक कमलवाली पार्टी की बात करे तो उसमे जो गुटबाजी थी टिकट वितरण की उसमे भाजपा ने ही भाजपा को ओधें मूंह गिराने का काम किया है। उसके कुद पदाधिकारी पिछले विधानसभा चुनावो की तरह गुटबाजी मे रहे और जो कार्य उन्होने इस बार किया उससे सबसे ज्यादा दिल की चोट नवनियुक्त जिला अध्यक्ष को लगेगी। क्योकिं उनकी जो प्रतिष्ठा है वो इन चुनावो इस कदर जुड़ी हुई जैसे वो जिला अध्यक्ष पर नआकर सीधी प्रदेशाध्यक्ष पर जाकर गिरेगी। तो ऐसे में अब उनके साथ जो चुनावी गणीत है वो किस तरफ जायेगा ये तो आगे का परिणाम वाला दिन तय करेगा। फिलहाल तो सबको ज्यादा अगर आंच आयेगी तो कांग्रेस मे प्रदेशाध्यक्ष पर तो भाजपा के जिला अध्यक्ष पर। जहां तक जनता का प्रश्न है वो राजा की तरह इन चुनावो मे मतदान किया। किसी को यह सोचने तक का मौका नही दिया कि हमने वोट किसको किया है। वह साइलेंट होकर अपना कार्य कर चुकी है तो ऐसे मे उसने इस चुनावी जंग मे किसको ओधे मूंह गिराया है वो 4 जून को सबके सामने आ जायेगा।

सट्टा बाजार का रूख देखे तो वो पूरी तरह एक दम नकारा साबित हुआ है। बीते कई चुनावो से बड़े बड़े सटोरियो है या ऐसे कार्य करते है उनके द्वारा जो भाव दिखाये जा रहे है जीत हार के वो एकदम विपरीत ही गये है चाहे वो प्रदेश स्तर पर ही क्यो न हो। ऐसे कुछ सटोरियो के कारण बहुत से नये-नये सोदा करने वाले युवा वर्ग पूरी तरह लेपेटे मे आकर अपना सब कुछ खोने पर मजबुर है। बीते विधानसभा चुनावो ने तो नो सिखिये के कारण कई परिवार बर्बाद हो गये। उनको ज्ञान रहता नही सट्टे का तो जो बड़े बड़े सट्टेबाज है उनको तो उनका कमीशन है या जैसा है वो सेफ तरीके से मिल जाता है बाकी डूबते है तो मध्यम वर्ग या नये नये ऐसे कार्य करने वाले जो अपने परिवार को अंधेरे मे रखकर एक दिन मे लखपति बनने का सपना देखते है।

## सीआईएस को मिला एमएसएसपी अवार्ड


राष्ट्रीय वित्तीय शिक्षा केन्द्र
National Centre for Financial Education
एक आर्थिक रूप से जागरूक और सशक्त भारत
A financially aware and empowered India
Promoted By :
Money Smart School
Congratulations !
CLC INTERNATIONAL SCHOOL
This Certificate is presented to you for successfully completing the
Money Smart School Program
Conducted by the National Centre for Financial Education
Alok Chandra Jena
Chief Executive Officer

खबरों की दुनिया

**सीकर।** सीएलसी द्वारा संचालित सीबीएसई स्कूल सीआईएस को एमएसएसपी अवार्ड से सम्मानित किया गया है। विस्तृत जानकारी देते हुए सीआईएस प्रिंसिपल सुषमा भदौरिया ने बताया कि इस कार्यक्रम के तहत सीआईएस को राष्ट्रीय वित्तीय शिक्षा केंद्र द्वारा मनी स्मार्ट स्कूल अवार्ड से सम्मानित किया गया है। भदौरिया ने बताया कि यह कार्यक्रम वित्तीय साक्षरता में सुधार के लिए स्कूलों में निष्पक्ष वित्तीय शिक्षा प्रदान करने के लिए एनसीएफई की एक सकारात्मक पहल है जो प्रत्येक छात्र के समग्र विकास के लिए एक महत्वपूर्ण जीवन कौशल है।

राष्ट्रीय वित्तीय शिक्षा केंद्र (एनसीएफई) एक सेक्शन 8 कंपनी है जिसे भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई), भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी), भारतीय बीमा विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (आईआरडीएआई) और पेंशन निधि विनियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) द्वारा प्रोमोट किया जाता है। इसके द्वारा संचालित किया जा रहा यह कार्यक्रम दो स्तंभों पर आधारित है; शिक्षा और जागरूकता और इसका लक्ष्य एक स्थायी वित्तीय साक्षरता अभियान स्थापित करना है जो पूरी पीढ़ी को सशक्त बनाएगा। इस दौरान इस कार्यक्रम के लिए नामांकन किए गए सीआईएस के कक्षा 6 से 12 के छात्रों को सर्टिफिकेट प्रदान किए गए। इस अवसर पर स्कूल में खुशी का माहौल रहा और सभी ने एक दूसरे को बधाई देकर अपनी खुशी जाहिर की।

## लंकापूरी बालाजी में निशान यात्रा आयोजन



**सीकर।** सीकर लंकापुरी बालाजी की निशान यात्रा आज बड़े धूमधाम से निकाली गई। समिति की मीडिया प्रभारी ज्योति तनवानी ने बताया कि इंद्रचंद डावर के निवास स्थान से निशान पूजन एवं निशान यात्रा पीठाधीश्वर नंदकिशोर पारीक और राष्ट्रीय संत चंद्रमादास महाराज के सान्निध्य में प्रारंभ की गई। जगह-जगह पर यात्रा का स्वागत किया गया। पारीक सोशल ग्रुप और अन्य व्यापारिक वर्ग द्वारा शहर के विभिन्न मार्गो में पुष्प वर्षा एवं जलपान एवं कल्याण मंदिर के में महंत विष्णु प्रसाद द्वारा बालाजी महाराज की आरती की गई। रथ यात्रा गैस गोदाम रामलीला मैदान, शीतला चौक, घंटाघर,जाटिया बाजार, फतेहपुरी गेट से श्रीलंका पूरी बालाजी धाम पहुंची। रथ यात्रा पहुंचने पर संतोष खंडेलवाल के द्वारा भजनों का कार्यक्रम किया गया एवं सभी भक्तों को प्रसाद वितरित किया गया। 23 अप्रैल, मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव पर 12:15 बजे बालाजी महाराज की महाआरती एवं रात्रि में विराट भजन संध्या का आयोजन होगा।

## खबरों की दुनिया एक नजर

### भगवान महावीर की जयंती मनाई, बैंड बाजे के साथ निकाली शोभायात्रा



खबरों की दुनिया

**टोंक।** ककोड ग्राम में सकल जैन समाज एवं वैश्य समाज के लोगों ने मिलकर भगवान महावीर स्वामी की जन्म जयंती हर्षोल्लास पूर्वक मनाई।

श्रीआदिनाथ नवयुवक मंडल के सांस्कृतिक मंत्री संदीप कुमार जैन ने बताया कि महावीर जयंती के अवसर पर प्रातः जैन मंदिर में नित्य अभिषेक एवं शांतिधारा करने पश्चात अष्टद्रव्य से भगवान का पूजन किया। तत्पश्चात भगवान महावीर स्वामी को पालकी में बैठाकर जैन मंदिर से मुख्यमार्गों से होते हुए ककोड नगर में बेंड बाजे साथ भगवान की शोभायात्रा निकाली।

शोभायात्रा में जैन भजनों पर महिला पुरुषों ने भजनों पर नृत्य किया एवं दोपहर बाद मंदिर में पंच परमेष्ठी मंडल विधान का सामूहिक पूजन किया गया। तत्पश्चात संध्याकालीन कलशाभिषेक किए गए एवं सामूहिक आरती के साथ भजन संध्या का कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर सकल जैन समाज के महिला पुरुष, बालक बालिका उपस्थित रहे।

### टोंक में फिर आया भूकम्पः रात को घबराकर घरों से बाहर निकले लोग, 2.9 रही तीव्रता

खबरों की दुनिया

**टोंक।** टोंक में शनिवार देर रात भूकम्प आया, जिसकी रिक्टर स्केल पर तीव्रता 2.9 रही। इस दौरान लोग घबराकर घरों से बाहर निकल आए। टोंक जिला मुख्यालय, निवाई समेत जिले के कई हिस्सों में शनिवार देर रात करीब पौने 11 बजे भूकंप आया। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 2.9 रही। करीब 4 सेकेंड तक कम्पन का एहसास होने पर लोग डर गए और घबराकर घरों से बाहर निकल आए। टोंक में 5 दिन पहले भी इसी तरह से भूकम्प के हल्के झटके आए थे। इसके चलते लोग डरे हुए है। हालांकि दोनों ही बार भूकम्प के इन झटकों की तीव्रता कम होने से कोई नुकसान नहीं हुआ है।

#### 7 दिन में दूसरी बार भूकम्प से चिंता बढ़ी

ज्ञात रहे कि लगातार 6 महीने में टोंक में 3 बार भूकम्प आ चुका है। इसको लेकर अब लोग डरने लगे है। हालांकि अभी तक इन भूकम्प के झटकों से कोई नुकसान नहीं हुआ है, लेकिन सप्ताह भर में ही दूसरी बार भूकम्प के हल्के झटकों से लोगों की चिंता बढ़ती जा रही जा हैं। लोगों को चिंता सता रही है कि कभी भूकम्प के झटके बड़े स्तर पर आ गए तो बड़ा नुकसान हो सकता है। टोंक, निवाई में 3 महीने में 3 बार भूकंप आया है। पहली बार 10 नवंबर 2023 को रात करीब साढ़े दस बजे भूकंप आया था। उसकी तीव्रता 3.2 थी। फिर टोंक, निवाई में 15 अप्रैल की रात करीब पौने 11 बजे भूकंप के झटके महसूस हुए। उसके 5 दिन बाद 20 अप्रैल 2024 की रात 10.46 बजे निवाई व टोंक में भूकंप के झटके महसूस हुए। इसकी तीव्रता 2.9 रही। इससे लोग सहम गए। टोंक शहर के दयाराम जाटवा ने बताया कि वह बेड पर सोने के लिए लेटा हुआ था करीब 10.46 बजे अचानक तीन-चार सेकेंड के लिए कंपन हुआ। इधर उधर देखा तो ऐसा लगा जैसे कि सामान भी हिल रहे है।

### बघेरें ने किसान पर किया हमला, किसान हुआ लहूलुहान

खबरों की दुनिया



**निवाई।** उपखंड क्षेत्र के गांव मेदार कला में करीब 3 बजे एक किसान पर कृषि कार्य करते समय एक बघेरे ने हमला कर दिया। हमले में किसान लहूलुहान व घायल हो गया। घायल जन्सी पुत्र प्रहलाद गुर्जर निवासी मैदार कला ने बताया कि वह कृषि कार्य के लिए कुएं पर पंहुचा। जहां पर अचानक एक बघेरे ने उस पर हमला कर दिया। जिस पर आस-पास के लोगों ने बघेरे को भगाकर ग्रामीणों व परिजनों ने गंभीर हालत में उसको निवाई एमसीएम अस्पताल में भर्ती करवाया। जहां पर घायल किसान का उपचार किया जा रहा है।

# बढ़ती बेरोजगारी व बढ़ती महंगाई में केंद्र सरकार पूरी तरह विफल : गोविंद सिंह डोटासरा

- मालपुरा में जनसभा को किया संबोधित, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने भी केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला









खबरों की दुनिया

**मालपुरा।** टोंक-सवाईमाधोपुर लोकसभा सीट के कांग्रेस प्रत्याशी हरिश्चंद्र मीणा के समर्थन में रविवार को प्रदेश कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने मालपुरा में जनसभा को संबोधित किया।

इस अवसर पर उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी पूरी तरह से फेल हो चुकी है देश में संविधान की रक्षा के लिए संविधान को बदलने वालों को बदलने की आवश्यकता है 400 पार का नारा लगाने वालों को सबक सिखाने का सही समय आ गया है। उन्होंने प्रत्याशी हरिशचद्र मीणा को भारी मतों से विजय बनाने की अपील करते हुए कहा कि देश में पैसे वालों को और अधिक पैसे वाला बनाना ही देश के प्रधानमंत्री की सोच है।

गरीब का कल्याण व किसानों की आमदनी को बढ़ाने की बात करने वाली केंद्र सरकार किसानों के उत्थान की ओर किसी प्रकार का कोई ध्यान नहीं दे रही है। प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि प्रथम चरण के चुनाव संपन्न होने के बाद कम मतदान प्रतिशत पर ही देश के प्रधानमंत्री गृहमंत्री दोनों सन्न हो गए हैं दोनों ने देश में जो झूठा जाल फैला रखा है उसको सबक सिखाने का जनता के पास सही समय आ गया है। पिछले 10 सालों में देश में किसी प्रकार का कोई विकास नहीं हुआ और केंद्र सरकार के हमारे यशस्वी प्रधानमंत्री 2047 की बात करते हैं। देश में बढ़ती महंगाई व बढ़ती बेरोजगारी पर केंद्र सरकार का कोई ध्यान नहीं है। 2 करोड़ नौकरी का दावा करने वाली केंद्र की एनडीए सरकार पूरी तरह विफल रही है। जनसभा को नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, किशनगढ़ विधायक विकास चौधरी, किशनपोल विधायक अमीन कागजी, आमेर विधायक प्रशांत शर्मा, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय प्रवक्ता पवन खेड़ा, राजस्थान की सह प्रभारी अमृता धवन, पूर्व जिला प्रमुख रामविलास चौधरी, घासीलाल चौधरी, प्रत्याशी हरिश्चंद्र मीणा, चुरू लोकसभा सीट के प्रत्याशी राहुल कस्वा ने भी संबोधित किया। सभा समाप्ति के बाद प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने आम जनसभा में ठुमके भी लगाए। इस दौरान कांग्रेस जिला अध्यक्ष हरिप्रसाद बैरवा, एडवोकेट महावीर तोगड़ा, सलीम खान, हंसराज गाता, पूर्व उपजिला प्रमुख अवधेश शर्मा, डीआर छोगालाल गुर्जर, पूर्व डीआर किशनलाल फगोडिया, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष मालपुरा गोगाराम जाट, टोडारायसिंह ब्लॉक अध्यक्ष रामप्रसाद साहू, पालिका उपाध्यक्ष पवन मेहन्दवास्या, यशवीर शूरा, भरत चौधरी, रानी चौधरी, हंसराज गाता, शहर अध्यक्ष इश्हाक नकवी, रईस अहमद सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## राहुल गाँधी के न्याय पत्र के आगे मोदी की गारंटी की हवा निकली : पवन खेडा

खबरों की दुनिया



**टोंक।** कांग्रेस वर्किंग कमेटी के सदस्य तथा कांग्रेस के मीडिया एवं कम्युनिकेशन विभाग के राष्ट्रीय प्रभारी पवन खेड़ा ने कहा कि कांग्रेस के न्याय पत्र के सामने अब मोदी की गारंटी की हवा निकल गई है। इस न्याय पत्र में चार लाख नौजवानो को नौकरी दिए जाने, गरीब महिलाओं के खाते में एक साल में एक लाख रुपए डाले जाने तथा किसानो के लिए समर्थन मूल्य गारंटी कानून बनाए जाने की घोषणा के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को नींद ही नहीं आ रही।

कॉग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी पवन खेड़ा ने रविवार को जिला कांग्रेस कमेटी कार्यालय में मीडिया से बातचीत में केंद्र की भाजपा गठबंधन सरकार को कोसते हुए कहा की पहले 300 सीटें मिली तो पेट्रोल महंगा, गैस सिलेंडर 1100 रुपए पार अब यदि 400 पार तो भाजपा की नियत क्या है वह है संविधान बदलना, यदि संविधान बदल गया तो विचार अभिव्यक्ति खत्म हो जाएगी इतना ही नहीं यह आखिरी चुनाव होगा।उन्होंने भाजपा के दस साल की चर्चा करते हुए कहा कि एक घंटे में दो नौजवान, तीन दिन में तीस किसान आत्म हत्या के लिए विवश है वही एक घंटे में चार महिलाओं से बलात्कार की घटनाएं होना दुर्भाग्य का विषय है।

कांग्रेस के राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी पवन खेड़ा ने भाजपा को आढ़े हाथों लेते हुए कहा कि जाति, धर्म के नाम से नफ़रत फेला करके समाज को बाँटना चाहती है। वह ऐसा हिंदुस्तान चाहती है जिसमें हिन्दू-मुस्लिम, जाति से जाति में नफ़रत हो। मीडिया प्रभारी ने राजस्थान में राहुल गाँधी के किसानो के एक से दस तक गिनती बोलने के साथ ही कर्जामाफी संबंधी बयान के सवाल को टालते हुए कहा कि कुछेक किसानो के कर्ज माफ किए गए है।

उन्होंने राजस्थान में कांग्रेस कि जीत का दावा तो किया लेकिन कांग्रेस प्रत्याशी हरिश चंद्र मीणा के चुनाव प्रचार में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की निष्क्रियता मामले में कोई जवाब नहीं दे पाए इतना ही नहीं बिना फोज, नीति व रणनीति के कैसे कांग्रेस चुनाव जीतेगी संबंधी सवाल के जवाब पर चुप्पी साध ली।

## अवैध बीयर व नगदी बरामद, आरोपी गिरफ्तार



खबरों की दुनिया

**टोंक।** ग्राम घाड़ थाना पुलिस ने कार्रवाई कर 10 पेटी अवैध बीयर और करीब 24 हजार रुपए की नगदी जब्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

घाड़ थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह के अनुसार सहायक उप निरीक्षक जगदीश लाल की अगुवाई में गठित टीम और डीएसटी टीम ने संयुक्त कार्रवाई कर भरनी सरकारी स्कूल के पास एक सफेद कार को रोककर तलाशी ली। इसमें 10 कार्टन बीयर और 23 हजार 900 रुपए बिना अवज्ञा पत्र के परिवहन करते पाए गए। इस पर पुलिस ने शाहपुरा जिले के हनुमान नगर थाना के खेमा का झोपड़ा निवासी अनिल कुमार मीणा पुत्र सुखपाल मीणा को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कार को भी जब्त किया है।

## मतदाताओं को जागरूक करने के लिए बांटे पीले चावल

खबरों की दुनिया



**निवाई।** ग्राम पंचायत रजवास द्वारा रविवार को जिला निर्वाचन अधिकारी एवं स्वीप योजना के अंतर्गत लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के लिए पीले चावल बांटे गए। ग्राम विकास अधिकारी विनोदकुमार परिडवाल ने बताया कि 26 अप्रैल को लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मतदान करने के लिए मतदाताओं को जागरूक करने के इरादे से स्वीप योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत कर्मचारियों द्वारा गांव में घूम घूमकर चौपालो, दुकानों व सार्वजनिक स्थानों पर जाकर मतदाताओं को बूथ पर पहुंच कर मतदान करने के लिए पीले चावल बांटे गए। उन्होंने बाल विवाह के दुष्परिणाम पर विस्तारपूर्वक लोगों को बताया तथा आखातीज पर बाल विवाह नहीं करने का संकल्प दिलवाया। इस मौके पर कनिष्ठ सहायक नंदकिशोर बैरवा, व्याख्याता सीताराम चौधरी, ई-मित्र संचालक किशन चौधरी, बैंक मित्र रमेश चंद गुर्जर, मुकेश सैनी, रामदयाल रैगर, हंसराज लुहारिया, तुलसीराम पंगाल, बन्ना लाल माली, हनुमान पंगाल, सत्यनारायण सैन, सलमान खान, लोकेश पाराशर, भूपेंद्र वर्मा व प्रहलाद गुर्जर सहित कई ग्रामीण मौजूद थे।

## सीपीआर प्रशिक्षण शिविर आज

**टोंक।** आज प्रातः 6:30 से 7:30 तक नेहरू पार्क टोंक परिसर में अचानक हार्ट अटैक से होने वाली मौतों से मरीज को सीपीआर देकर जान बचाने के लिए श्रीव्यापार महासंघ, श्रीव्यापार संघ जवाहर बाजार तथा भारत विकास परिषद टोंक के संयुक्त तत्वावधान में एक विशाल सीपीआर प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जाएगा। इस शिविर में डॉ राजेन्द्र तातेड जोधपुर प्रशिक्षण देंगे। जिसमें प्रोफेसर( वैद्य ) प्रदीप कुमार प्रजापति, कुलपति आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर मुख्य अतिथि होंगे एवं डॉ राकेश कुमार शर्मा, निदेशक आयुर्वेद विश्वविद्यालय जोधपुर विशिष्ट अतिथि होंगे वो भी प्रकाश डालेंगे।

## धूमधाम से मनाया महावीर जयंती महोत्सव



खबरों की दुनिया

**बनेठा।** टोंक जिले के उनियारा उपखंड के बनेठा कस्बे में महावीर दिगम्बर जैन मन्दिर में महावीर जन्मोत्सव को बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। समाज के हरीश जैन पांडया एवं धर्मेन्द्र जैन अध्यापक ने बताया कि प्रातः काल की शुभ बेला में चन्द्रप्रभू जिनालय से भगवान महावीर के जयकारों के साथ भव्य प्रभात फेरी निकाली गई। वही महावीर बिचला जैन मंदिर में मूलनायक महावीर स्वामी पर वृहत शांतिधारा करने का सौभाग्य बसन्त कुमार, सुगनचंद और प्रवीणचन्द हरीश कुमार को प्राप्त हुआ। वही चंद्रप्रभु मंदिर में भगवान महावीर पर 108 रिद्धि कलशों से जैन श्रावकों द्वारा महा मस्तकाभिषेक किया गया। तत्पश्चात संगीतमय भजनों की लहरियों में महावीर विधान सम्पन्न हुआ। बाद में जैन समाज द्वारा गाजे बाजे के साथ श्रीजी की भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जिसमें नवयुवक मण्डल, महिला मंडल और बालिका मंडल नाचते गाते नजर आए। शोभायात्रा कस्बें के मुख्य मार्गो से होती हुई निर्मल कुंज पहुंची। जहां जैन पाठशाला के बच्चों एवं शिक्षिकाओं द्वारा महावीर जन्मोत्सव क्रिया का मंचन किया गया। बाद श्रीजी का कलशाभिषेक किया गया। सांयकाल महावीर जिनालय में 108 दीपकों से महाआरती की गई। इस अवसर पर तेजमल, बसंत जैन, प्रवीण पांडया, हेमचंद सौगानी, अशोक जैन, महावीरप्रसाद, राजेंद्र मेहंदीवाल सहित समाज के वरिष्ठ लोग उपस्थित थे।

# सरस्वती विद्या मन्दिर विद्यालय में उत्कर्ष द्वारा आयोजित

-आईएएस/आरएएस ऑल राजस्थान 'विजेता' स्कॉलरशिप टेस्ट-2024 में अभ्यर्थियों ने परखी अपने अध्ययन की तैयारी

खबरों की दुनिया






**टोंक।** उत्कर्ष क्लासेस ने रविवार को राजस्थान के सभी 50 जिला मुख्यालयों में आईएएस/आरएएस ऑल राजस्थान 'विजेता' स्कॉलरशिप टेस्ट-2024 का आयोजन किया जिसके तहत सरस्वती विद्या मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय यज्ञ के बालाजी टोंक में आरएएस अभ्यर्थियों ने उत्साह के साथ अपनी अब तक की तैयारी को परखा। प्रधानाचार्य मुकेश कुमार शर्मा ने बताया कि सम्बन्धित परीक्षा के नवीनतम पैटर्न तथा सिलेबस को ध्यान में रखते हुए इस टेस्ट को सिविल सेवा परीक्षाओं के विषय विशेषज्ञों के मार्गदर्शन में तैयार किया गया ताकि परीक्षार्थियों को सही मायने में अपनी तैयारी की परख करने का अवसर प्राप्त हो सकें। प्रातः10 से दोपहर 1:10 बजे तक आयोजित यह टेस्ट आरपीएससी द्वारा जारी नवीनतम ओएमआर शीट पर करवाया गया है जिसमें पाँच विकल्प दिए गए हैं। टेस्ट के संचालन में बतौर पर्यवेक्षक उत्कर्ष क्लासेस के प्रतिनिधियों ने सहयोग किया।

पानी का संरक्षण, पृथ्वी में जीवन का संरक्षण

# जल की एक एक बूंद जीवन के लिए बहु उपयोगी



संजीव ठाकुर
चिंतक व लेखक

जल की एक बूंद का संरक्षण मानवीय जीवन के संरक्षण के सदृश्य है। जल की एक-एक गुण जीवन के लिए बेशकीमती और बहु उपयोगी है। जल की बर्बादी भविष्य के बहुत बड़े खतरे को इंगित करती है, यदि पृथ्वी पर जल नहीं होगा तो जीवन की संभावनाएं भी विलुप्त हो जाएंगीं।

सामान्य तौर पर देखेंगे तो जल की उपलब्धता को लेकर कोई विशेष संकट नजर नहीं आता है। किंतु वास्तविकता इससे बिल्कुल अलग हैं।

पृथ्वी की सतह का लगभग 70प्रतिशत भाग जल से आच्छादित है। पृथ्वी पर उपलब्ध समस्त जल का 97प्रतिशत समुद्र खारा पानी है, जो उपयोग के योग्य नहीं है। अतः मात्र 3प्रतिशत जल ही पीने के योग्य है,इससे भी कम जल नदी, तालाब, झीलों भूगर्भीय जल के रूप में मनुश्य व अन्य जीवों के पीने के योग्य मीठे पानी के रूप में उपलब्ध है, परिणामतः पीने योग्य जल का संकट और गहराता जा रहा है।

यदि मानव सभ्यता के इतिहास को खंगाले तो यह तथ्य सामने आता है कि बड़ी-बड़ी सभ्यता एवं संस्कृतियाँ नदी, घाटियों में विकसित और फलित हुई है। जल अपने स्वरूप में निर्मलता धारण किए हुए पवित्रता का प्रतीक है, लेकिन इसकी क्रमिक रूप से घटती मात्रा में जल संकट अस्तित्व को खतरा उत्पन्न कर दिया है। जल अब राज्यों तथा विभिन्न देशों के मध्य बड़े विवाद का कारण बनता जा रहा है। जल मनुष्य के जीवन का अत्यंत आवश्यक स्वरूप है जल के बिना कल नहीं है और जल ही जीवन कहलाता है। ऐसे में जल का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है।

जल का विवाद सिर्फ गांव तहसील के जिलों में नहीं बल्कि राज्य और देशों के बीच भी गहराता जा रहा है। इसका बहुत बड़ा उदाहरण कावेरी, मांडवी जैसे अंतरराष्ट्रीय नदियों गंगा, ब्रह्मपुत्र में नील, सतलज जैसी अंतरराष्ट्रीय नदियां हैं। वैश्विक जल संकट से सर्वाधिक प्रभावित क्षेत्र एशिया, अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया महाद्वीप, अफ्रीकी देशों में एक बड़ी आबादी जला भाव के कारण काल कब रीत हो रही है।

जल संकट की यह समस्या और अंतरराष्ट्रीय स्वरूप धारण कर चुकी है एवं अंतरराष्ट्रीय मंचों पर इसकी मांग उठाई जा रही है। पृथ्वी पर पीने की योग्य जल की उपलब्धता घटती जा रही है वहीं विकास एवं औद्योगिकरण की प्रक्रिया में जल का अंधाधुंध दोहन किया जा रहा है।

मानव के जल दोहन का बेतरतीब उपयोग जल चक्र के संतुलन को नष्ट कर रहा है।

प्रकृति में मानव के हस्तक्षेप के कारण ही ग्लोबल वार्मिंग, जलवायु परिवर्तन, वनों की कटाई से ताजे जल के संकट को कगार पर लाकर खड़ा कर दिया है।

शहरों में प्रति व्यक्ति जल की उपलब्धता का स्तर निरंतर कम होते जा रहा है। इसका सबसे सर्वोत्तम उदाहरण दक्षिण अफ्रीकी शहर कैपटाउन एवं भारत के बंगलुरु शहरों में असीमित जनसंख्या के दबाव में लहराते जल संकट के कारण इन शहरों में यानी नो वाटर सप्लाई दिवस तक की नौबत आ गई है। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा प्रकाशित जल विकास रिपोर्ट 2018 में पीने योग्य जल की घटती उपलब्धता एवं गहराता संकट को लेकर महायुद्ध की संभावनाओं का खुलासा किया है।

जल संकट को लेकर अगले महा युद्ध की संभावनाओं को यदि टटोलने तो यह बात सत्य प्रतीत होती है जिसमें एक तरफ जलाभाव वाले देश का होगें तथा दूसरा पक्ष जलाधिक्य वाले देशों की होगी।

जल के निरंतर गिरते स्तर को लेकर ऐसी विकराल स्थितियां उत्पन्न हो सकती है जिसके कारण मानवता तार-तार हो जाएगी और जल का उपयोग करने वाले जैविक जीवन का स्थिति समाप्त हो जाएगा।

अतः यह उचित होगा कि समय रहते हम इस संकट को भाप लें एवं जल जैसे हम उन संसाधन के संरक्षण को लेकर युद्ध स्तर पर उचित कदम उठाएं।

यूनाइटेड नेशंस वाटर अभियान के माध्यम से जल संकट से विश्व को अवगत करवाते हुए जल संकट के संबंध में आमजन को जागरूक करने का प्रयास कर रहा है। दूसरी तरफ प्रसिद्ध non-governmental ऑर्गेनाइजेशन जल संकट से विश्व को अवगत कराते हुए जल संरक्षण के संबंध में सराहनीय प्रयास कर रहे हैं।

आवश्यकता से अधिक जल प्रयोग करने से धरती का जलस्तर कृषकों की पहुंच से परे होता जा रहा है।

वैश्वीकरण व उपभोक्तावादी संस्कृति से प्रेरित अंधाधुंध विकास की दौड़ में जल स्रोतों को प्रदूषित कर मानव समाज ने स्वयं अपने पैरों पर कुल्हाड़ी मारने का काम किया है। बढ़ती जनसंख्या भी वैश्विक जल संकट का एक बड़ा कारण है।

यदि जनसंख्या की वृद्धि की रफ्तार से होती रही तो अगले दशक में वैश्विक जनसंख्या में वृद्धि की दर से 25प्रतिशत जनसंख्या को प्रयोग जितना ही पानी उपलब्ध हो पाएगा।

यह भयानक जल संकट तथा वैश्विक खतरे की ओर इंगित करता है।

वैश्विक स्तर पर जल विवाद लगातार होते रहते हैं मध्य एशिया में कैस्पियन सागर के जल बंटवारे संबंधी विवाद का समाधान तटवर्ती देशों द्वारा संधि के माध्यम से किया गया है।

भारतीय संदर्भ में देखा जाए तो स्थिति और भी जटिल होती जा रही है देश की जनसंख्या तो विश्व की जनसंख्या का लगभग 17.5प्रतिशत है, लेकिन ताजे जल की उपलब्धता 1प्रतिशत से भी कम है।

राजस्थान में स्थिति जल संकट की बड़ी भयावह है वहां जल की उपलब्धता 1प्रतिशत से भी बहुत नीचे जल संकट वहां की नियति बन गई है।

2040 तक भारत के तीन चौथाई शहरों को जल संकट से जूझना होगा। अब हमारा दायित्व तथा कर्तव्य होगा कि समाज को जल संरक्षण के लिए प्रेरित करें एवं जल संरक्षण से संबंधित विधि तथा तकनीक से परिचित कराएं एवं उसका समुचित उपयोग करें।

व्यक्ति स्वयं जल का संरक्षण करें तथा दूसरों को भी जल संरक्षण के लिए प्रेरित करें ताकि हम आने वाले कल के लिए जल संकट रूपी विकराल एवं जनता हर समस्या का सामना आसानी से कर पाएं। जल संकट के महाविनाश से यदि बचना है तो जल संरक्षण हर नागरिक को एक कर्तव्य की तरह करना होगा।

**(ये लेखक के अपने विचार हैं)**

# टीएमयू में त्रिशला नंदनवीर की निकली भव्य शोभायात्रा

**खबरों की दुनिया**

## ख़ास बातें

—दिव्य घोष के बीच महावीर स्वामी के जयकारों से गूंजा टीएमयू
—कुलाधिपति सुरेश जैन की सपरिवार रही उल्लेखनीय उपस्थिति
—जीवीसी मनीष जैन और ऋचा जैन ने किया ध्वजारोपण
—रजत और स्वर्ण कलशों से भगवान श्रीजी का हुआ अभिषेक
—स्वर्ण कलश का पहला सौभाग्य सौधर्म इन्द्र को मिला
—स्वर्ण और रजत कलशों से शांतिधारा का सौभाग्य श्रावकों को
—सैकड़ों श्रावक-श्राविकाएं श्रीजी की भक्ति में सराबोर नजर आए

24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का 2623वां जन्मकल्याणक महोत्सव तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिनालय के सामने धार्मिक अनुष्ठान के बीच प्रातः 08:00 बजे जीवीसी मनीष जैन और उनकी धर्मपत्नी श्रीमती ऋचा जैन ने ध्वजारोपण किया। यह पूजा अर्चना शिखर सम्मेदजी से आए प्रतिष्ठाचार्य ऋषभ शास्त्री की देखरेख में हुई। इस मौके पर कुलाधिपति सुरेश जैन और फर्स्ट लेडी श्रीमती वीना जैन, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन, श्रीमती जाह्नवी जैन की गरिमामयी मौजूदगी रही। थोड़ी देर बाद यूनिवर्सिटी जिनालय से भव्य शोभायात्रा निकली, जो दिव्य घोष की धार्मिक संगीतमय धुनों के बीच श्रीजी को लेकर रिद्धि-सिद्धि भवन पहुंची। श्रीजी के रिद्धि-सिद्धि भवन में विराजमान होने के बाद रजत और स्वर्ण कलशों के जरिए श्रीजी का अभिषेक हुआ, जबकि शांतिधारा स्वर्ण और रजत झारी से की गई। शोभायात्रा में टीएमयू के कुलाधिपति सुरेश जैन, फर्स्ट लेडी वीना जैन, ग्रुप वाइस चेयरमैन मनीष जैन, ऋचा जैन, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन के संग सैकड़ों श्रावक-श्राविकाएं श्रीजी की भक्ति में सराबोर नजर आए।

टीएमयू कैम्पस में त्रिशला नंदन वीर की भव्य शोभायात्रा निकाली गयी। भगवान महावीर की प्रतिमा को मेडिकल फैकल्टी डॉ. अक्षय जैन ने अपने मस्तिष्क पर सुशोभित कर जिनालय से रथ तक लाए और उन्हें रथ में विराजमान किया। रथ को सर्वप्रथम कुलाधिपति सुरेश जैन, फर्स्ट लेडी वीना जैन, जीवीसी मनीष जैन और उनकी धर्मपत्नी ऋचा जैन, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन, जाह्नवी जैन ने दिव्य घोष के बीच भगवान श्रीमहावीर के रथ को चलायमान किया। जिनालय से चलकर मेडिकल हॉस्टल, मेडिकल कॉलेज, इंडोर स्टेडियम, फॉर्मेसी ब्लॉक, इंजीनियरिंग ब्लॉक, आर्मी मिल्ट्री टैंक, क्रिकेट पवेलियन, नवीन एडमिन ब्लॉक होते हुए रिद्धि-सिद्धि भवन पहुंचा। कुलाधिपति, जीवीसी और ईडी समेत दर्जनों श्रावक-श्राविकाओं ने आर्मी मिल्ट्री टैंक पर जैन धर्म का झंडा लहराकर अहिंसा परमो धर्म का संदेश दिया। साथ ही साथ रथ यात्रा के दौरान बैलगाडी में सवार कुलाधिपति सुरेश जैन और एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन आस्था में डूबे नज़र आए। इनके संग-संग फर्स्ट लेडी वीना जैन, जीवीसी मनीष जैन, ऋचा जैन और जाह्नवी जैन भक्ति में लीन नंगे पांव चल रहे थे। एडमिन ब्लॉक पर कुलाधिपति परिवार ने भक्ति भाव से रथ में विराजमान भगवान महावीर की आरती की। दो घंटे की इस शोभायात्रा के दौरान श्रावक और श्राविकाएं भक्ति में लीन नजर आए। डांडिया नृत्य ने सभी का मन मोह लिया। टीएमयू कैंपस में रथयात्रा के दौरान राजस्थानी और अन्य भारतीय लोकनृत्यों ने आस्थामय रंग भर दिया। कुलाधिपति सुरेश जैन ने दिव्य घोष बजाया तो उसकी आस्थामय धुन पर एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन थिरके। रथ शोभायात्रा में सबसे आगे संगीत मंडली के भक्ति गीतों पर झूमते हुए श्रावक-श्राविकाएं कतारबद्ध चल रही थीं। दिव्य घोष की गूँज पर टीएमयू कुलाधिपति सुरेश जैन, फर्स्ट लेडी वीना जैन, ग्रुप वाइस चेयरमैन मनीष जैन, ऋचा जैन, एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन के अलावा समस्त टीएमयू जिनालय परिवार शोभायात्रा में नंगे पांव भक्ति में झूमते नजर आए।

श्रीजी की प्रतिमा को भक्तिमय माहौल में रिद्धि-सिद्धि भवन में विराजमान किया। सभी श्रावक-श्राविकाओं ने निर्मल जल और अक्षत से अपनी और अपने स्थान की शुद्धि की। इसके पश्चात स्वर्ण कलश शान्तिधारा और दीपक स्थापना के लिए वहां मौजूद भक्तों ने सौभाग्य प्राप्त किया। स्वर्ण कलश का पहला अवसर सौधर्म इन्द्र डॉ. अक्षय जैन और मेडिकल के संजय जैन को मिला। दूसरा बीकॉम के सोमिल जैन, तीसरा एल्युमिनाई संकल्प जैन जबकि चौथा अवसर डिजिटल मार्केटिंग के अंकित जैन को प्राप्त हुआ। इसके अलावा शांतिधारा का स्वर्णिम अवसर स्वर्ण कलश से डॉ. अश्विनी जैन को मिला। इसी के साथ रजत कलश से अभिषेक करने का सौभाग्य अनमोल जैन, संस्कार जैन, हर्ष जैन, हर्षित जैन, आशी जैन, सोमिल जैन को प्राप्त हुआ। शांतिधारा के पश्चात भगवान महावीर का अष्ट द्रव्यों से पूजन किया गया। इसमें उनके गुणों के गुणगान के संग-संग भगवान महावीर के जीवन की कुछ उल्लेखनीय घटनाओं और उनके चरित्र का वर्णन किया गया। भोपाल के सिद्धार्थ जैन एंड पार्टी के भक्तिमय गीतों के साथ भगवान महावीर के अर्घ्य चढ़ाए गए। इस दृश्य की शोभा देखते ही बनती थी। इस अवसर पर इन्द्रों ने धारा बहाई..., कलशा ढालो रे..., पंखिड़ा, पंखिड़ा..., रंगमा, रंगमा थारे रंग में रंग गयो रे...., न्वहन कराओ माता त्रिशला के लाल को...., जब से गुरू दर्श मिला..... महावीर आएंगे तो अंगना सजाउगी.. जैसे भजनों में पूरा रिद्धि सिद्धि भवन झूम उठा। वहां मौजूद सभी श्रावक-श्राविकाओं ने जमकर भक्ति की। श्रीजी के रथ के चार इन्द्र मेडिकल के समर्थ जैन, संभव बडकुल, सीसीएसआईटी के अतिशय जैन और टिमिट के प्रांजल जैन, जबकि सारथी बनने का सौभाग्य टिमिट के समक्ष जैन को मिला। कुबेर फैकल्टी ऑफ एजुकेशन के डॉ. रत्नेश जैन बने। बग्गी पर बैठने का सौभाग्य टिमिट की स्तुति जैन, सीसीएसआईटी की झलक जैन, जबकि घोड़े पर बैठने का सौभाग्य टिमिट की कीर्ति जैन, छवि जैन, कृति जैन और सीसीएसआईटी के राजुल जैन को मिला। कार्यक्रम के दौरान डॉ. कल्पना जैन ने बताया कि कुलाधिपति परिवार को कुंडलपुर के आचार्यपदारोहण महोत्सव में आचार्यों, उपाध्यायों,निर्यापकों और मुनियों का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। कुलाधिपति परिवार को आचार्यसमयसागर जी महाराज, उपाध्याय सुधासागर जी महाराज और निर्यापक प्रमाणसागर जी महाराज को आहार देने का सौभाग्य भी प्राप्त हुआ है। भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव में यूनिवर्सिटी के वीसी प्रो. वीके जैन, डॉ. करूणा जैन, एचआर निदेशक मनोज जैन, डॉ. नीलिमा जैन, मेडिकल कॉलेज के डीन प्रो. एसके जैन, निदेशक टिमिट प्रो. विपिन जैन, एग्रीकल्चर कॉलेज के डीन प्रो. प्रवीन कुमार जैन, डॉ. रवि जैन, डॉ. अर्चना जैन, डॉ. विनोद जैन, संजय जैन, आशीष सिंघई, आदित्य जैन, डॉ. विनीता जैन, डॉ. नम्रता जैन, डॉ. विभोर जैन, अंकित जैन, वैभव जैन, सार्थक जैन, पवन जैन आदि भी शामिल रहे।



# श्री श्वेताम्बर जैन तीर्थ सिरस आस्था की स्थली

—भगवान महावीर सहित 24 तीर्थकर विराजमान
—विश्व के प्रसिद्ध जैन मन्दिर सूची में शामिल सिरस जैन मन्दिर

**खबरों की दुनिया**



पूर्वी राजस्थान के भरतपुर जिले के उपखण्ड वैर के गांव सिरस में स्थित श्री श्वेताम्बर जैन तीर्थ देश-विदेश के जैन समुदाय का आस्था का केन्द्र है,जहां कलिकाल कल्पतरू भगवान श्री महावीर जी सहित जैन समुदाय के 24 तीर्थकर की प्रतिमाएं विराजमान है। जैन समुदाय के अलावा अन्य धर्म के लोग भी दर्शन को आते है,जिसमें जैन व हिन्दु समुदाय से वैश्य समाज अधिक आता है। ये मन्दिर जैन समुदाय के विश्व प्रसिद्ध जैन मन्दिरों की सूची में शामिल है और मन्दिर करीब 2 हजार साल पुराना है। मन्दिर की देखभाल,निर्माण,जीर्णोद्वार, रखरखाव आदि व्यवस्था व अन्य कार्य के लिए श्री श्वेताम्बर जैन तीर्थ ट्रस्ट बना हुआ है। साल में एक बार जैन रथयात्रा मेला,अनेक उत्सव एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रम होते है। साल 2023 में जैन तीर्थ सिरस पर जैन समुदाय के 24 तीर्थकर की प्रतिमाएं स्थापित हुई,जिनका मई माह में पहली बार वार्षिकोत्सव मनाया जाऐगा और 29 अप्रेल को भगवान श्री महावीर जी रथ मेला लगेगा।

**प्रजापत को मिट्टी खुदाई मिली प्रतिमा :** सिरस के जैन मन्दिर में विराजमान भगवान कलिकाल कल्पतरू भगवान श्री महावीर जी की प्रतिमा को लेकर अनेक किदवंतियां है। जिनमें प्रजापत को मिट्टी खुदाई में मिली सर्वाधिक है। जैन समुदाय के लोग बताते है कि करीब 300 साल पहले सिरस गांव की एक प्रजापत महिला मिट्टी के वर्तन बनाने को पोखर से मिट्टी निकाल रही थी। जहां एक टीले पर एक गाय के चारों थन से दूध की धार निकल रही थी और उसे देख वह लौट आई। रात्रि को उसे सपना दिखाई दिया,जहां गाय के थन से दूध निकल रहा था,उस टीले के नीचे एक प्रतिमा की झलक दिखाई दी। महिला ने रात्रि के सपना के दृश्य एवं गाय के थन से दूध निकलने की बात गांव के लोगों को बताई। गांव के लोगों ने एकत्रित होकर टीले की खुदाई की,टीले के नीचे प्रतिमा मिली,जो प्रतिमा भगवान महावीर जी की निकली। ग्रामीणों ने प्रतिमा को एक चबूतरा का निर्माण करा कर विराजमान करा दिया और आज जैन समुदाय के लोग उसकी पूजा-अर्चना करते रहे।

**धन्धा का अभाव देख किया पलायन :** सिरस गांव में करीब 250 साल पहले तक जैन समुदाय के अनेक परिवार निवास करते,जिनका मुख्य कार्य व्यापार व कृषि था। इनका व्यापार देश-विदेश तक होता था। अकाल,सूखा व धन्धा कमजोर से परेशान होकर व्यापार के उद्देश्य से ये अन्य स्थान को पलायन कर गए और जहां भी गए एवं उनका व्यापार जम गया,वे उसी स्थान पर स्थाई निवासी हो गए। जो केवल सिरस गांव में मन्दिर के दर्शन करने आते है और कुछ दिन ठहराव कर वापिस यथा स्थान लौट जाते। वैर निवासी सतीश जैन ने बताया कि सिरस गांव प्राचीनकाल में जैन समुदाय का था,जहां भारी सख्यां में जैन परिवार रहते थे। आज भी जैन समुदाय के घर बने हुए है। ग्रामीणों के द्वारा कभी-कभी गांव में निर्माण कराने को खुदाई करते है,तो खुदाई में मन्दिर के पत्थर व प्राचीन ईंट आदि निकलते है और गांव के लोग आज भी सिरस गांव को जैन समुदाय का गांव बताते है।

**भाई-बहिन के प्रेम का प्रतीक :** गांव सिरस का जैन मन्दिर भाई-बहिन के प्रेम का प्रतीक कहलाता है,जिसका आज भी गुणगान होता है। संवत 1828 में भरतपुर रिसायत के तत्कालीन महाराजा के दीवान रहे को अलवर जिले के गांव हरसाणा निवासी दीवान जोधराज पल्लीवाल की बहिन ब्याही थी,जो अपनी बहिन से सर्वाधिक प्रेम एवं लगाव रखते थे। एक बार दीवान पल्लीवाल गांव सिरस में अपनी बहिन से मिलने आए,जिन्होने बहिन की कृपा की कृपा से भगवान श्री महावीर जी की प्रतिमा के दर्शन किए। बहिन ने भाई पल्लीवाल से चबूतरा के स्थान पर मन्दिर निर्माण का आग्रह किया। बहिन के आग्रह को स्वीकार कर भव्य मन्दिर का निर्माण कराया और भगवान श्री महावीर जी प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा कराई। आज भी जैन समुदाय व क्षेत्र के लोग पुराने जैन मन्दिर को भाई-बहिन के प्रेम वाला मन्दिर कहते है।

**जैन मन्दिर पर विराजमान प्रतिमाएं :** ट्रस्ट के अध्यक्ष सुधीर जैन भिवाडी ने बताया कि सिरस जैन तीर्थ के भगवान श्री महावीर जी मन्दिर पर कलिकाल कल्पतरू भगवान श्री महावीर जी सहित जैन समुदाय के 24 तीर्थकर की प्रतिमाएं विराजमान है। 24 तीर्थकर ऋषभदेव, अजितनाथ, सम्भवनाथ, अभिनंनदन, सुमतिनाथ, पद्यमप्रभु, सुपार्श्वनाथ, चन्दाप्रभु, सुविधिनाथ, शीतलनाथ, श्रेयांसनाथ, वासुपूज्य, विमलनाथ, अनंतनाथ, धर्मनाथ, शान्तिनाथ, कुंथनाथ, अरनाथ, मल्लिनाथ, मुनिसुव्रत, नमिनाथ, अरिष्टनेमि, पार्श्वनाथ।

# भगवान महावीर स्वामी का जन्मोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया







राजाखेड़ा ● खबरों की दुनिया

## हर्षोल्लास से निकाली शोभायात्रा

कस्बे में आज रविवार को जैन समाज द्वारा 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर स्वामी का जन्मोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा का भी आयोजन किया गया। शोभायात्रा कस्बे की जैन धर्मशाला से प्रारंभ होकर मुख्य बाजार में होकर निकाली। इस दौरान शोभायात्रा का कस्बे के लोगों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। इससे पूर्व में जैन धर्मशाला में भगवान महावीर स्वामी की पूजा अर्चना की गई जिसके बाद शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

शोभायात्रा में करीब आधा दर्जन मनमोहक झांकियों के साथ भगवान श्रीजी का रथ आकर्षण का मुख्य केंद्र रहा। रथ पर सवार भगवान श्रीजी का जैन समाज के लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत करते हुए आरती की। शोभायात्रा में बैंड बाजों की धुनों पर समाज के लोग थिरकते हुए नजर आए। शोभायात्रा में सैंकड़ों की संख्या में जैन समाज के लोग मौजूद रहे। धौलपुर में जैन समाज के तीर्थकर महावीर स्वामी का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। जैन धर्म के 24 में तीर्थकर भगवान महावीर के जन्मोत्सव को लेकर समाज की ओर से कई कार्यक्रमों का आयोजन



किया गया। विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन के साथ ही शहर में शोभायात्रा निकाली गई। जिसके जरिए अहिंसा और शांति का संदेश दिया गया।

### धौलपुर में निकली धूमधाम से

महावीर जयंती के मौके पर स्थानीय पुरानी सब्जी मंडी स्थित जैन मंदिर पर सुबह से ही पूजा अर्चना, प्रवचन, व्रत, अभिषेक, शांति धारा सहित कई धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। जिसमें समाज के सैकड़ों महिला-पुरुषों ने भाग लिया। धार्मिक अनुष्ठानों के बाद जैन समाज द्वारा महावीर स्वामी की शोभायात्रा पुरानी सब्जी मंडी स्थित जैन मंदिर से बैंड-बाजों के साथ शुरू हुई। जो शहर के प्रमुख मार्गों से होते हुए वापस जैन मंदिर पहुंची। शोभायात्रा के दौरान एक दर्जन से अधिक झांकियां निकाली गई। इस दौरान अहिंसा और शांति का संदेश दिया गया। शहर भर में निकाली गई शोभायात्रा का लोगों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा के आखिरी में मौजूद रथ में सवार भगवान महावीर स्वामी की पूजा अर्चना की गई। भगवान महावीर की जयंती के मौके पर शहर में जगह-जगह प्रसादी वितरण का भी आयोजन किया गया। शोभायात्रा के दौरान सुरक्षा व्यवस्था के लिए बड़ी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया।

## फाइनेंस कर्मचारी ने रची थी लूट की झूठी कहानी

# फाइनेंस कर्मचारी ने अपने साथी के साथ मिलकर की घटना

धौलपुर ● खबरों की दुनिया

चार दिन पहले हुई एक फाइनेंस कर्मचारी के साथ लूट की वारदात का खुलासा करते हुए पुलिस ने फाइनेंस कर्मचारी को ही गिरफ्तार किया है। कर्मचारी ने ही झूठी कहानी गढ़ी थी लेकिन पुलिस ने इसका खुलासा कर दिया। कर्मचारी के साथ हुई लूट की वारदात को लेकर फाइनेंस कंपनी के प्रबंधक ने थाने में मामला दर्ज कराया था। मामले में पुलिस ने आरोपी से लूट के रुपए बरामद कर लिए हैं।

आंगई थाना प्रभारी राम अवतार मीणा ने बताया कि 17 अप्रैल को स्पंदना स्फूर्ति फाइनेंस लिमिटेड के प्रबंधक प्रदीप नरूका ने थाने में मामला दर्ज कर बताया था कि उसके भरतपुर के रहने वाले एक कर्मचारी लोकेश जाटव के साथ चिलाचौंद टोल प्लाजा पर लूट की वारदात हुई जिसमें कैश का कलेक्शन करके लौट रहे थे तभी कर्मचारी लोकेश जाटव से बाइक सवार अज्ञात बदमाश 1 लाख 5 हजार 750 रुपए लूटकर फरार हो गए। कर्मचारी लोकेश ने अवैध हथियार दिखाकर अपने साथ लूट की कहानी प्रबंधक को बताई थी। जिस पर प्रबंधन ने पुलिस को पूरे मामले की जानकारी दी।




### कर्मचारी ने अपने साथी के साथ मिलकर रची थी कहानी

थाना प्रभारी ने बताया कि मामले की गहनता से पूछताछ की। पूछताछ में पता चला कि कर्मचारी लोकेश के साथ कोई भी लूट की वारदात नहीं हुई। जिस पर पुलिस ने कर्मचारी लोकेश से सख्ती से पूछताछ की, तो पता चला कि कर्मचारी लोकेश ने दौसा के रहने वाले अपने साथी नरेश जाटव के साथ मिलकर लूट की झूठी कहानी रची थी जिस पर पुलिस ने कर्मचारी लोकेश के साथ उसके सहयोगी नरेश जाटव को गिरफ्तार कर लूट की राशि बरामद कर बाइक को जब्त किया है। गिरफ्तार किए गए दोनों आरोपियों से पुलिस पूछताछ कर रही है। जिसके बाद उन्हें कोर्ट में पेश किया जाएगा।

# हर्षोल्लास से निकली डॉ भीमराव अंबेडकर की शोभायात्रा









धौलपुर ● खबरों की दुनिया

डॉ भीमराव अंबेडकर की शोभायात्रा शहर में धूमधाम से निकली गई। डॉ भीमराव अंबेडकर शोभायात्रा का शुभारंभ अंबेडकर पार्क सागरपाड़ा स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर की मूर्ति पर माल्यार्पण कर की। कार्यक्रम के अतिथियों सूरजमल बाबूजी, नौबतलाल केन, रामवीर सिंह, गणेश कुमार धाकड़े आदि रहे। शोभायात्रा का शुभारम्भ मुख्य अतिथि सूरजमल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्य अतिथि गणेश कुमार धाकरे एवं दामोदर प्रसाद ने समाज के सभी लोगों को बाबा साहब के बताएं मार्ग पर चलने एवं संगठित रहने का आह्वान किया। शोभायात्रा समिति के अध्यक्ष चंदन सिंह ने शोभायात्रा को सफल एवं शांतिपूर्ण रूप से निकलने का आहवान किया।शोभायात्रा अंबेडकर सागरपाड़ा से शुरू होकर शहर के मुख्य मुख्य मार्गो महात्मा नंद की बगीची, टाउन चौकी, फूटा दरवाजा, फढ्ढी का चौराहा, हॉस्पिटल, हरदेव नगर, जगन टॉकीज, पुराना डाकखाना, लाल बाजार, पुरानी सब्जी मंडी, तोप तिराहा, बजरिया, आरएसी लाइन से होते हुए अंबेडकर पार्क जरौली का पुरा पर समाप्त हुई। शोभा यात्रा का समाज के विभिन्न वर्गों द्वारा जगह-जगह स्वागत किया गया एवं भोजन, पानी आदि की व्यवस्था की गई। इस मौके पर काफी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव

**धौलपुर।** सदर थाना क्षेत्र के तोर गांव के पास रेलवे ट्रैक पर एक युवक का मिलने से सनसनी फ़ैल गई। घटना की सूचना मिलते ही सदर पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया। अस्पताल पहुंचे परिजनों ने बताया कि मृतक दाऊजी पुत्र केदारनाथ शर्मा कोलारी थाना क्षेत्र के जारौली गांव का निवासी था, जो रविवार सुबह घर से धौलपुर जाने की बात कह कर बाइक लेकर निकला था। जिसका शव रेलवे ट्रैक पर मिला है। सदर थाना प्रभारी रामनरेश मीणा ने बताया कि तोर गांव के पास रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव पड़ा होने की सूचना मिली थी। प्राथमिक जांच में ट्रेन की चपेट में आने से मौत होना सामने आया है।

## महावीर जयंती के अवसर नगर के मतदाताओं किया जागरूक

**मुरैना।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के अन्तर्गत स्वीप गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक कर मतदान के लिए प्रेरित किया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित अस्थाना एसडीएम जिला सीईओ, सबलगढ़ बीरेंद्र कटारे के निर्देश एवं महिला बाल विकास परियोजना अधिकारी सबलगढ़ के मार्गदर्शन में सीएमओ वीरेंद्र सिंह रावत एवं सेक्टर अधिकारी लोकेन्द्रसिंह के नेतृत्व में महावीर जयंती के अवसर पर मतदाताओं को जागरूक करने हेतु मतदान केन्द्रों पर जागरूकता अभियान चलाया गया, जिसमें नगर झुण्डपुरा के मतदाताओं को जागरूक करने के लिए मतदान केन्द्रों पर मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई, साथ ही रंगोली बनाई गई। इस दौरान सभी मतदाताओं से आह्वान किया गया कि वह आगामी 7 मई को संपन्न होने वाले लोकसभा चुनाव में अपना बहुमूल्य मत का प्रयोग लोकतंत्र को मजबूती प्रदान करें। स्वीप गतिविधि के माध्यम से नगर के मतदाताओं को जागरूक कर मतदान का प्रतिशत बढ़ाया जाना है, ऐसे मतदान केंद्र जिन पर पिछले निर्वाचन में 50 प्रतिशत से कम मतदान हुआ था। उन पर स्वीप गतिविधियों का आयोजन कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है। मतदान केन्द्रों पर जागरूकता रैली, मेंहदी प्रतियोगिता, चुनावी पाठशाला आदि गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर सीएमओ बीरेंद्र सिंह रावत, रामदीन जौहरी, रामवरन शर्मा, हेमंत शर्मा नागेन्द्र मौर्य, संदीप त्यागी, विजय सिंह, राजकुमारी जगा, ज्योति शर्मा, ममता जाटव, सुनील शर्मा, अशोक शर्मा, बाबूसिंह, शैलेन्द्र श्रीवास, मातादीन कुशवाह, जगदीश मल्हा, महाराज सिंह, महेश वाल्मीकि सहित छात्र-छात्राएं और नगर के मतदाता उपस्थित रहे।

## सींगपुरा में मानव श्रृंखला बनाकर मतदाताओं को किया जागरूक

**मुरैना।** कलेक्टर अंकित अस्थाना के निर्देश पर जिले में स्वीप की गतिवधियां संचालित की जा रही है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अम्बाह सुमन चक चौहान के मार्गदर्शन में महिला एवं बाल विकास विभाग परियोजना पोरसा की परियोजना अधिकारी सपना यादव के नेतृत्व में ग्राम पंचायत सींगपुरा में विशाल मानव श्रृंखला बनाकर मतदाताओं को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया। जिससे सभी मतदाता अपने मत का शत-प्रतिशत मतदान करे। मानव श्रृंखला में सींगपुरा ग्राम पंचायत के साथ साथ नजदीक की ग्राम पंचायतों के ग्रामीण भी उपस्थित थे।

# हनुमान जन्मोत्सव की तैयारियों में जुटे पदाधिकारी

धौलपुर ● खबरों की दुनिया

हनुमान जन्मोत्सव पर शहर में निकलने वाली भव्य हनुमान शोभायात्रा को लेकर श्रीबजरंग सेवा समिति बाड़ी के पदाधिकारी कार्यकारिणी सदस्य एवं सभी भक्तजन तैयारी में लगे हुए हैं। वह शहर की विभिन्न समितियों को पत्र के माध्यम से आमंत्रित भी कर रहे हैं जिसमें शोभा यात्रा के संयोजक रामकुमार चौधरी सह संयोजक अनिल गर्ग तथा समिति के महामंत्री सुभाष चंद्र बंसल लगे हुए है। शोभायात्रा संयोजक रामकुमार चौधरी एवं सहसंयोजक अनिल गर्ग ने बताया कि 23 अप्रैल 2024 मंगलवार को प्रातः बेला में संकट मोचन हनुमान जी महाराज के समक्ष दीप प्रज्वलित कर श्रृंगार किया जायेगा साथ ही सुबह हनुमान जी महाराज की शोभायात्रा आरंभ होगी जो शहर के प्रमुख मार्ग सब्जी मंडी से होकर लुहार बाजार, सराफा बाजार होकर घंटाघर से पुराना बाजार होते हुए नेताजी की कोठी से हॉस्पिटल होकर पुनः गुमट हनुमान मंदिर पर सम्पन्न होगी इसके पश्चात शोभायात्रा में उपस्थित समस्त भक्तजनों माताओं बहनों को प्रसाद वितरण किया जायेगा।

इसके उपरान्त छप्पन भोग, फूल बंगला की झांकी सजाई जायेगी साथ ही शाम छः बजे से भव्य हनुमान जी महाराज की झांकी के साथ संगीतमय सुंदरकांड पाठ किया जायेगा तथा प्रसादी वितरित की जाएगी। इस दौरान बजरंग सेवा समिति की अध्यक्ष भगवती प्रसाद मित्तल पूर्व अध्यक्ष उपाध्यक्ष विजय सिंगला डेरी वाले कोषाध्यक्ष राजेंद्र गर्ग आकर ही वाले महामंत्री सुभाष चंद्र बंसल दुर्गा प्रसाद गर्ग राजेंद्र मंगल खन्ना महावीर प्रसाद गोयल विपिन सिंगल राजू तिवारी नीतू सीमेंट वाले योगेश गोयल योगेश गोयल आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।



खबरों की दुनिया
एक नज़र

# खिदमत करने वालों का किया सम्मान



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** अंजुमन सिराजुल इसलाम सोसायटी ने एनटीसी मस्जिद में रमजान माह में खिदमात देने वाले सदस्यो का सदर हाजी मज़हर हुसेन ने माला पहनाकर सम्मान किया । खिदमात देने वालो में शब्बीर भाई पटेल, अनवर भाई, असलम अंसारी, बाबा खान, कालुभाई, जाफर अंसारी, अमन खान, समीर मंसूरी, शहीद भाई, अफसार अंसारी, मोहसिन भाई, साहिल भाई, अनीस भाई शामिल रहे। इस अवसर पर अज्जू खान, मोहम्मद हनीफ मंसूरी, हैदर अली, जाहिद अली, शाहरुख भाटी, रेहान पठान शाहरूख मौजूद रहे।

# पूर्व सदर हाजी बाबू खां की स्मृति में 187 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ





खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** शहर के राजकीय ट्रॉमा सेंटर में रविवार को कांग्रेस के पूर्व जिला उपाध्यक्ष मुस्लिम समाज के पूर्व सदर हाजी बाबू खा की स्मृति में रक्तदान शिविर का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भगवत सिंह हिंगड़, थाना अधिकारी रायसल सिंह रहे। जिनका आयोजन समिति के मुनाफ खान सहित पदाधिकारी ने मेवाड़ी पगड़ी पहनाकर माला पहनाकर स्वागत किया। रक्तदान शिविर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक आयोजित हुआ। रक्तदान शिविर रक्त एकता समूह, महाराव भीम सिंह चिकित्सालय कोटा के सहयोग से आयोजित हुआ। रक्त एकता समूह के फैजान शेख ने कार्यक्रम में मौजूद युवाओं को रक्तदान करने के फायदे समझाएं। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में युवाओं ने बढ़-चढ़कर रक्तदान किया। शिविर में पार्षद मेहरुन्निसा उनके पति अल्पसंख्यक कांग्रेस अध्यक्ष राशिद सागर ने जोड़े से रक्तदान किया। रक्तदान शिविर में इंटक प्रदेश महासचिव नरोत्तम जोशी जुग्गा खान सुरेश रोहलन मन्नू खां मदरसा बोर्ड जिला अध्यक्ष आबिद हुसैन इंटक नेता फिरोज खान कलाम पठान राजू अंसारी गुलजार अहमद इम्तियाज अली अबरार खान रफीक मंसूरी समाजसेवी गोविंद गुप्ता पार्षद मोहम्मद हुसैन बंगाली कय्युम अब्बासी हरीश प्रजापत दिनेश छाबड़ा मज़दुर नेता सलीम शेख गुड्डी मेघवाल राबिया खान तारीफ खान सलीम पठान अनवर खान नजीर खान अनस रंगरेज शादाब सहित युवाओं ने सहियोग किया।

# राठौर बने मिस्टर रावतभाटा पंजा लड़ाने में कार्तिक ने मारी बाजी



खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** जागो रावतभाटा फिटनेस क्लब की ओर से खेलो इंडिया के तहत आयोजित बॉडीबिल्डर चैंपियनशिप एवं पंजा लडाओ प्रतियोगिता का आयोजन शनिवार देर रात सिनेमा चौराहा स्थित अंबे माता मंदिर परिसर में हुआ। अध्यक्ष बालकिशन गुलाटी ने बताया कि बॉडीबिल्डर प्रतियोगिता में रक्षित राठौर विजेता बने, पंजा लड़ाने की प्रतियोगिता में कार्तिक त्यागी प्रथम रहे। प्रतियोगिता में निर्णायक शोएब खान मोनू आकाश चौधरी दिल्ली ने निर्णय दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रदेश भाजपा महामंत्री देवनारायण बोर्ड अध्यक्ष ओम प्रकाश भडाना ने दोनों विजेताओं को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया।

मुख्य अतिथि ने कार्यक्रम की सराहना की, विशिष्ट अतिथि अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भगवत सिंह हिंगड़, अधिशासी अभियंता आशीष जैन, थाना अधिकारी रायसल सिंह रहे। कार्यक्रम में भाजपा किसान नेता कमलेंद्र सिंह हाडा, प्रधान प्रतिनिधि कुशाल बारेशा, प्रहलाद जाट, अकरम खान, नवीन वीज़, जगदीश छाबड़ा, आनंद प्रकाश शर्मा, महिला मोर्चा अध्यक्ष राजू चौधरी, अंजुमन सदर मजहर हुसैन, पार्षद रेखा लोधा, तनवी शर्मा सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# मतदान के लिए किया जागरूक




खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** राजस्थान में लोकसभा चुनाव को लेकर दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को होना है। राजस्थान की बची 13 लोकसभा सीटों पर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप कार्यक्रम के तहत रविवार को ग्राम पंचायत बोराव के ग्राम विकास अधिकारी भरत निहलानी ने फेस पेंटिंग करवा कर गांव में पीले चावल बाटकर मतदान के लिए ग्रामीणों को जागरूक किया।

# हमिंग बर्ड ओलंपियाड लेवल-2 में फ्लोरेटो के 180 विद्यार्थियों का चयन




खबरों की दुनिया

**सीकर।** जयपुर-बीकानेर बाईपास स्थित फ्लोरेटो वर्ल्ड क्लास आईसीएसई स्कूल के विद्यार्थियों ने हमिंग बर्ड ओलंपियाड लेवल-2 में शानदार सफलता हासिल की है। फ्लोरेटो के। विद्यार्थियों विराज, रुतवी, मिहिका, अव्यान, इशिका, कार्तिक व राजविका ने गोल्ड मेडल व 1000 रू. का नकद पुरस्कार हासिल किया है। कुल 180 विद्यार्थियों को मेरिट सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया है। विद्यार्थियों की शानदार सफलता पर प्रबंध निदेशिका डा. मिनाली सुण्डा व प्रिंसिपल रिंकू शर्मा ने चयनित विद्यार्थियों को मेडल देकर सम्मानित किया। गौरतलब है कि फ्लोरेटो वर्ल्ड स्कूल में स्कूलिंग के साथ-साथ प्राइमरी एवं मिडिल कक्षाओं के दौरान विभिन्न ओलंपियाड्स की विशेष तैयारी कराई जाती है।

# भगवान महावीर के जन्मकल्याणक पर निकली भव्य शोभायात्रा





खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** भगवान महावीर के जन्मकल्याणक के अवसर पर सकल जैन समाज ने रविवार को महावीर अध्ययन केंद्र से भव्य शोभायात्रा निकाली। शोभायात्रा सकल जैन समाज द्वारा जैन ध्वज की, नवकार मित्र मंडल द्वारा महामंत्र नवकार की, भारतीय जैन संगठना द्वारा जैन चिन्ह की, श्री जैन श्वेताम्बर श्री संघ के बच्चों अक्षत बरडिया, तीर्थ सांकला एवं दक्ष गोखरू द्वारा भगवान महावीर द्वारा चंड कौशिक का उद्धार एवं ग्वाले द्वारा भगवान के कान में कील ठोकना का उपसर्ग की आकर्षक झांकी द्वारा बनाई गई। शोभायात्रा में श्री जी की पालकी एवं भगवान का रथ विशेष आकर्षण का केन्द्र रहा। शोभायात्रा नयाबाजार पार्श्वनाथ दिगम्बर मंदिर से हाटचोक होते हुए सुपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर पहुँची। जहाँ पर श्री जी का अभिषेक एवं शांतिधारा हुई साथ ही बच्चो ने जैन गान की प्रस्तुति दी। शोभायात्रा श्री सुविधिनाथ स्वामी श्वेताम्बर मंदिर पर समापन हुई। श्वेताम्बर मंदिर पर भगवान की अष्टप्रकारी पूजन हुआ, शोभायात्रा में सकल जैन समाज के सभी पुरुष, महिला एवं बच्चो ने बढ़चढ़ कर भाग लिया। सभी नाचते गाते झूमते हुए सभी साथ चले। सभी पुरुषों ने श्वेत वस्त्र एवं महिलाये अपनी मंडल की साडियों में रही।इस अवसर पर सकल जैन समाज सभी परिवारो में हर्ष उल्लास रहा।

**अंजुमन कमेटी ने किया स्वागत :** रविवार को महावीर स्वामी जी की जयंती पर निकले जुलूस का जामा मस्जिद के सामने अंजुमन सिराजुल इस्लाम सोसाइटी के पदाधिकारी ने सदर हाजी मजहर हुसैन के नेतृत्व में स्वागत कर सांप्रदायिक सौहार्द की मिसाल कायम कर ठंडे पानी की बोतले वितरित की। इस दौरान सेक्रेटरी मोहम्मद हुसैन दादा अज्जू खान मोहम्मद हनीफ मंसूरी सहित कमेटी के लोग मौजूद रहे।

# सतरंगी सप्ताह के अंतर्गत रैली निकालकर किया जागरूक




खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** आगामी लोकसभा चुनाव के दूसरे चरण में होने वाले मतदान में मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर रविवार को स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत रेली का आयोजन किया। प्रभारी अधिकारी (स्वीप) एवं अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, जिला परिषद्, चितौडगढ के निर्देशानुसार लोकसभा आम चुनाव के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए सतरंगी सप्ताह मे रैली का पालिका क्षेत्र में आयोजन हुआ। जिसका मुख्य स्लोगन 'मताधिकार प्रयोग का करेगे वोट, करेगे वोट करेगे' था। जिसमें कार्यक्रम प्रभारी चौथमल शर्मा, सहायक प्रभारी लोकेश कुमार व अन्य पालिका कार्मिक अमित सिंह, पंकज श्रीवास्तव, अंकित कुमार, भरत कुमार दुबे, राजेश जयपाल, पदमा जयपाल, अशोक मीणा, सूर्यप्रताप सिंह, जमादार, सफाई कर्मचारी, नरेगा कार्मिक स्वयं सहायता समूह के सदस्य उपस्थित रहे।

# पीएम मोदी ने दुनिया में भारत का डंका बजाया अब बारी मतदाताओ की : राज्य मंत्री भड़ाना

## –भाजपा कार्यकर्ताओं की हुई बैठक दिया जीत का मंत्र

खबरों की दुनिया

**रावतभाटा।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश महामंत्री देवनारायण बोर्ड के अध्यक्ष ओम प्रकाश भडाणा रविवार को शहर के दौरे पर रहे। चारभुजा में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि देश के प्रधानमंत्री मोदी ने पूरी दुनिया में देश का नाम रोशन किया। उन्होंने देश के लोगों को चार जातियों में बांटा, जिसमें किसान, जवान, युवा और गरीब है। प्रधानमंत्री मोदी की योजनाएं जो अंतिम पंक्ति में बैठे लोगों तक पहुंची है। कार्यकर्ताओं ने पीएम मोदी की योजनाओं को जन-जन तक पहुंचा, अब बारी है भाजपा के पक्ष में मतदान कर फिर से मजबूत सरकार दें। कार्यक्रम से पहले भाजपा कार्यकर्ताओं ने राज्य मंत्री भड़ाणा का जोरदार स्वागत किया। सभा को संबोधित करते हुए



प्रधान प्रतिनिधि कुशाल बारेशा ने कहा कि जन भावनाओं को ध्यान में रखते हुए केंद्र सरकार ने हर वर्ग का ध्यान रखा। प्रधानमंत्री मोदी ने विश्व पटल पर हमारे देश का नाम रोशन किया। विधानसभा संयोजक किसान नेता कमलेंद्र सिंह हाडा ने सभा को संबोधित करते हुए पीएम मोदी की कार्यशैली की जमकर तारीफ की। उन्होंने कहा कि दुश्मन देश भी अब भारत की तरफ आंख उठाने से डरता है। कार्यक्रम में मौजूद कार्यकर्ताओं का वरिष्ठ भाजपा नेता पूर्व प्रधान राधेश्याम गुप्ता ने आभार जताया। नगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र दशोरा ने कार्यकर्ताओं को एकजुट होकर भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की। राज्य मंत्री ओमप्रकाश भडाणा का गुर्जर समाज की ओर से साफा पहनाकर सम्मान किया गया। कार्यक्रम का संचालन आनंद प्रकाश शर्मा ने किया। कार्यक्रम में पूर्व पालिका अध्यक्ष राजकुमार वधवा, पार्षद मंजू लता जंगम ,गौ रक्षा कमांडो फोर्स जिला अध्यक्ष प्रहलाद जाट ,ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष झुंझुनू जयदीप गुर्जर, महिला मोर्चा अध्यक्ष राजू चौधरी, युवा मोर्चा अध्यक्ष रौनक चौधरी, आईटी सेल से कार्तिक तोमर, लाल देराश्री, पूर्व पार्षद दिलीप मीणा, कलाम पठान, सिद्धार्थ सिंह, गजेंद्र सिंह, मनोज मेवाडा, अंबालाल गुर्जर, हरि मोहन राठोर, कैलाश माहेश्वरी, कैलाश सुथार, विजय गुप्ता, लाल गुर्जर, बाबूलाल गुर्जर, मिथिलेश सिंह बिट्टू, सांवरा गुर्जर, घनश्याम गुर्जर, विकास धाकड़, इरफान शेख, दिनेश वैष्णव सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# अब अलवर में भी मिलेगा श्रीराम जानकी रसोई का हर पूर्णिमा पर प्रसाद



खबरों की दुनिया

**अलवर।** श्री संत भारतीय सामाजिक सेवा संस्थान अलवर की बैठक 20 अप्रैल को दिल्ली दरवाजे ऊपर स्थित श्री हनुमान मंदिर में आयोजित हुई। श्रीमती प्रमिला गुप्ता व नीरू सैनी तथा लवली सैनी द्वारा भगवान की स्तुति कर बैठक की शुरुआत की। बैठक में सर्वस मति से निर्णय लिया गया कि प्रत्येक महीने की पूर्णिमा पर प्रसाद वितरण किया जाएगा। संस्था के अध्यक्ष प्रमोद विजय ने बताया की रसोई का नाम श्रीराम जानकी रसोई रखा जावे। हर पूर्णिमा पर सुंदरकांड पाठ का आयोजन भी किया जाएगा। श्रीराम जानकी रसोई प्रसाद वितरण कार्यक्रम खदानेश्वर महादेव मंदिर गुरुद्वारे के पास रोड नंबर 2 अलवर पर आयोजित किया जायेगा। श्रीराम जानकी रसोई कार्यक्रम के संरक्षक सरदार हरमीत सिंह मेहंदीरता व संयोजक आलोक यादव उर्फ मोंटू सहसंयोजक ललित सैनी दीप चंद सैनी तथा कैशियर राम प्रकाश गुप्ता व सीताराम गुप्ता रहेंगे। बैठक के बाद राधेश्याम सैनी द्वारा प्रसाद वितरण किया गया। बैठक में सुशील मामोडिया उर्फ बाबा ने सबका धन्यवाद दिया। अध्यक्ष ने बताया कि इस बार 23 अप्रेल को होगा श्रीराम जानकी रसोइ का प्रसाद वितरित, जहां यह प्रसाद खदानेश्वर महादेव मंदिर गुरुद्वारे के पास रोड नंबर 2 अलवर पर मिलेगा।

# छौकरवाड़ा कला में अग्निकांड, लाखों का नुकसान,भैंस व पाड़ा झुलसा

खबरों की दुनिया

**भुसावर।** गांव छौकरवाड़ा कला में एक जने के छप्पर पोश मकान में बिजली के तारों से आग लग जाने के कारण लाखों रुपए का घरेलू सामान, अनाज व नगदी जलकर स्वाहा हो गया और आग की चपेट में आकर दुधारू भैंस,पाड़ा झुलस गए और पीड़ित परिवार के सदस्य बाल बाल बच गए। ग्रामीणों ने दो घंटे में आग पर को पाया। सूचना पर भुसावर से दमकल आई और दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पाया। अग्निकांड की सूचना पर प्रशासन एव पुलिस भी मौके पर आई और जिन्होंने नुकसान का जायजा लेकर पीड़ित परिवार को ढाढस बंधाया। पूर्व जिला प्रमुख द्वारिका प्रसाद गोयल ने पीड़ित परिवार की मदद को समृद्ध भारत अभियान निदेशक सीताराम गुप्ता से बोला, निदेशक गुप्ता ने पीड़ित की मदद वास्ते टीम को भेजो और मदद



का आश्वासन दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार छौकरवाड़ा कला निवासी बालवीर जोगी पुत्र सियाराम जोगी के छप्पर पोश घर में बिजली के तारों की चिंगारी से आग लग गई।आगजनी से अनाज भूसा,कपड़े ,बिस्तर, नगदी आदि घरेलू सामान और मोटरसाइकिल जलकर स्वाहा हो गई और आग से एक दुधारू भैंस व उसका एक पाड़ा भी बुरी तरह झुलस गया। सूचना पर स्थानीय प्रशासन एव पुलिस मौके पर आया। जिस ने आग पर काबू पानी को भुसावर से दमकल बुलवाई । दमकल कर्मियों ने ग्रामीणों के सहयोग से आग पर को पाया।

# भाजपा नेता व समाजसेवी जमुनालाल मीणा की दादी का निधन पर जताया शोक

## –वैर विधायक बहादुर सिंह कोली ने शोकाकुल परिवार को बंधाया ढांढस



खबरों की दुनिया

**भुसावर।** भाजपा के वरिष्ठ नेता व दीवली निवासी जमुनालाल मीणा की दादी के निधन पर वैर क्षेत्र के विधायक बहादुर सिंह कोली और भाजपा नेताओं ने दुःख प्रकट कर मृतक दादी के परिजनो को ढाढस बंधाया। शोक सभा में शामिल हुए नेता एव अन्य लोगों ने पुष्पांजलि देकर शोक व्यक्त किया।इस मौके पर बहादुर कोली, ब्रजेश मीना सलैमपुर खुर्द, ईश्वर लाल, विजेंद्र, रियांश बारवाल, प्रियांश, जमुना लाल, पवन, शैलेश, बनी, मुकेश, आदि मौजूद रहे।

# धीरज बाबा मेला कुश्ती दंगल के मुख्य अतिथि होंगे पूर्व कैबिनेट मंत्री विश्वेन्द्र सिंह

## –28 अप्रेल को मेला का शुभारम्भ, 29 को राष्ट्रीय स्तर का कुश्ती दंगल

खबरों की दुनिया

**भुसावर।** श्री धीरज बाबा मेला कमेटी,ग्राम पंचायत एवं गांव की समस्त सरदारी की ओर से भरतपुर रियासत के संस्थापक महाराजा सूरजमल के चचेरे भाई व हलैना के संस्थापक ठाकुर अतिराम सिंह के पुत्र तथा पथैना के संस्थापक ठाकुर सार्दुल सिंह के गांव पथैना में 28 अप्रेल से दो दिवसीय 311 वां श्री घीरज बाबा मेला का शुभारम्भ होगा। मेला कमेटी ने डीग-कुम्हेर के पूर्व विधायक व पूर्व केबिनेट विश्वेन्द्र सिंह को 29 अप्रेल को आयोजित हो रहे राष्ट्रीय स्तरीय कुश्ती दंगल का मुख्य अतिथि की हैसियत के रूप आमन्त्रित किया और उन्होने कुश्ती दंगल का मुख्य अतिथि का निमन्त्रण स्वीकार कर लिया। श्री धीरज बाबा सेवकों ने बताया कि गांव पथैना में



28 एवं 29 अप्रेल को श्री धीरज बाबा का मेला लगेगा। 28 अप्रेल को सुबह 8 बजे मेला का उद्घाटन व ध्वजारोहण ठाकुर शिव सिंह के मुख्य आतिथ्य में होगा। सुबह 10 बजे राजकीय व गैर राजकीय स्कूल के बच्चों की खेलकूद प्रतियोगिताएंए दोपहर 2 बजे घोडा-घोडी एव ऊंट-ऊटनी दौड होगी,विजेता को 15 हजार व शील्ड व उप विजेता को 11 हजार व शील्ड पुरूस्कार में मिलेगी। दोपहर 3 बजे 1500 मीटर की पुरूष दौड होगी,जिसके विजेता को 4100 रू एवं उप विजेता को 3100 रू का पुरूस्कार मिलेगा। सायं 5 बजे सीनियर व जूनियर वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिताए होगी। रात्रि को 8 बजे श्री सार्दुल चौक स्थित श्री बिहारी जी महाराज मन्दिर रंगारंग मंच पर जिकडी-भजन होगीएजिसके विजेता को 15 हजार व शील्ड एवं उप विजेता को 5100 रू0 का पुरूस्कार दिया जाऐगा। 29 अप्रेल को धीरज बाबा स्टेडियम पर राष्ट्रीय स्तर का सुबह 8 बजे से दोपहर एक बजे तक जूनियर वर्ग का तथा दोपहर एक बजे से सायं 7 बजे तक सीनियर वर्ग का कुश्ती दंगल होगा।

खबरों की दुनिया
एक नज़र

# जयपुर रनरस और जय क्लब का रन फॉर हेल्थ

## 10 और 5 किमी की रन का हिस्सा बने मेंबर्स



खबरों की दुनिया

**जयपुर।** जयपुर रनरस और जय क्लब की और से रन फॉर हेल्थ का आयोजन फोर्टिस हॉस्पिटल और एब्डोमिनल केंसर ट्रस्ट के सहयोग से आयोजित किया गया, जयपुर रनरस क्लब के को फाउंडर मुकेश मिश्रा और रवि गोयनका ने बताया की रन फॉर हेल्थ की शुरआत जय क्लब से सुबह 6 बजे हुई जिसमे दोनों क्लब के मेंबर्स ने शिरकत की और 5 और 10 किमी की दौड़ लगायी, जय क्लब के सचिव मनोज दासोत, कार्यकारी सदस्य अंशुल जैन, जयपुर रनरस क्लब की अध्यक्ष डॉक्टर साधना आर्य ,कार्यकारी अध्यक्ष दीपक शर्मा और वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रवीण तिजारिया ने सभी फिनिशरस को मैडल देकर सम्मानित किया।

जय क्लब के सचिव मनोज दासोत ने इस अवसर पर कहा की जय क्लब अपने मेंबर्स को फिजिकली एक्टिव, फिट और हेल्दी रखने के लिए जयपुर रनरस के साथ इसी प्रकार और भी इन्वोल रहेगा और कुछ और एक्टिविटी का आयोजन करेग। रन की कोर्डिनेटर भावना पारिक, आस्था पारिक और नरेन्द्र कुशवाहा ने बताया की आज हुई रन में आगामी 19 मई को एब्डोमिनल केंसर डे पर आयोजित होने वाली वाक के लिए क्लब मेंबर्स को जानकारी दी गयी और एब्डोमिनल केंसर के खिलाफ इस वेशिव्क मुहीम से जयपुर राइट्स को जोड़ने का आह्वान किया गया।

# बैरवा समाज का द्वितीय सामूहिक विवाह सम्मेलन संपन्न

खबरों की दुनिया






**निवाई।** नला रोड पर स्थित बैरवा समाज धर्मशाला में रविवार को बैरवा महासभा जिला टोंक के तत्वावधान में बैरवा समाज का द्वितीय निःशुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन के संयोजक भवानी लोदी नला ने बताया कि रविवार को द्वितीय बैरवा समाज का निःशुल्क विवाह सम्मेलन बैरवा छत्रावास में आयोजित हुआ। उन्होंने बताया कि विवाह सम्मेलन के समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक प्रशांत बैरवा रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला बैरवा अधिकारी कर्मचारी विकास संस्था के पूर्व अध्यक्ष रामदयाल गुणावत ने की।

विशिष्ट अतिथि बैरवा महासभा के अध्यक्ष जगदीश बैरवा, समाजसेवी महेंद्रपाल बैरवा सूरज का खेडा, रामस्वरूप झुझारपुरा, प्रहलाद बैरवा मोटूका, प्रधानाचार्या मायालता बैरवा व हरिराम बैरवा आवां सहित कई प्रमुख समाजसेवियों व भामाशाहों ने भाग लिया। विवाह सम्मेलन में समिति की ओर से समाज की रीति रिवाज के अनुसार विवाह संपन्न करवाएं गए। सम्मेलन को लेकर हलवाई भोजन व्यवस्थाओं में जुटे रहे। वर-वधु के तोरण के लिए अलग से पांडाल तैयार किए गए। सामूहिक विवाह सम्मेलन को लेकर पूछताछ कार्यालय, चिकित्सा व्यवस्था, फेरा, जनकपुरी, अयोध्यापुरी, भोजन व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए अलग-अलग पांडाल बनाए गए। स्वागत द्वार भी सजाया गया। रविवार को सुबह 9:15 बजे ध्वजारोहण, 11:15 बजे गणेश पूजन, 12:15 बजे दूल्हों की निकासी, दोपहर बाद तोरण व वरमाला, पाणिग्रहण संस्कार, अतिथि सम्मान, आशीवार्द समारोह, विदाई समारोह व स्नेह भोज सहित कई कार्यक्रम आयोजित हुए। विवाह सम्मेलन में पूर्व विधायक बैरवा ने दुल्हनों के लिए पायजेब की जोडियां, पूर्व सरपंच जगदीश बरथल ने बेड, गद्दा, तकिया व कम्बल वर-वधु को उपहार स्वरूप भेंट किए। इसी प्रकार भामाशाह लीलाधर बैरवा, केसरलाल बैरवा, हजारीलाल बैरवा करेडा, सुनील रेसवाल, इन्द्रराज बैरवा, कजोड नला, रामदयाल गुणावत, प्रहलाद मोटूका, संजय बैरवा, रामस्वरूप ठेकेदार, रामजीत टाटावत व अशोक बैरवा सहित कई भामाशाहों ने कई उपहार भेंट किए। इसी प्रकार विवाह सम्मेलन में भवानी लोदी नला व महेन्द्रपाल ठेकेदार सूरज का खेडा की और से भोजन व्यवस्था की गई।

# मत प्रतिशत वृद्धि को लेकर बीएलओ की टीम ने ग्रामीणों को किया जागरूक



खबरों की दुनिया

**निवाई।** लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक मत प्रतिशत वृद्धि को लेकर जिला निर्वाचन अधिकारी द्वारा चलाए जा रहे आओ बूथ चले अभियान के तहत निवाई विधानसभा क्षेत्र के सभी बीएलओ की टीम ने लोगों को शत प्रतिशत मतदान करने के लिए जागरूक किया।

सहायक रिटर्निंग ऑफिसर सुरेशकुमार हरसोलिया ने बताया कि रविवार को क्षेत्र के सभी बीएलओ की टीम अपने बूथों पर आओ बूथ चले अभियान के तहत 26 अप्रैल को अधिक से अधिक मतदान दिवस पर शत प्रतिशत मतदान करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि टीम ने बूथ के अंतर्गत आने वाले सभी मतदाताओं को जहां भी मिले वही संतरंगी कार्यक्रम, चौपाल, चर्चा, बैनर पोस्टर, रैली, गीत, संगीत, रंगोली, दौड़, साईकिल मोटरसाईकिल रैली, सेल्फी, दुकानों, खेत, खलियानो, नुक्कड़ नाटकों, डोरटूडोर के माध्यम से मतदान करने के लिए जागरूक किया। आओ बूथ चले अभियान को सफल बनाने में बीएलओ के साथ ग्राम पंचायत स्तरीय कार्मिक, ग्राम विकास अधिकारी, पटवारी, कृषि पर्यवेक्षक, कनिष्ठ सहायक, एएनएम, आशा सहयोगिनी व हेला टोली द्वारा जनसंपर्क कर सहयोग किया।

# भगवान महावीर जन-जन के आराध्य : रामसहाय वर्मा

## - 41 फीट उंचा मानस्तम्भ महामस्तकाभिषेक में उमड़ा जैन सैलाब, परम्परा अनुसार भगवान महावीर की निकाली प्रभातफेरी

खबरों की दुनिया



**निवाई।** सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वावधान मे आर्यिका श्रुतमति व सुबोध मति माताजी के सानिध्य में आयोजित तीन दिवसीय भगवान महावीर जयंती जन्म कल्याणक महोत्सव पर मानस्तम्भ महामस्तकाभिषेक का आयोजन किया गया जिसमें श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ पड़ा। जैन धर्म प्रचारक विमल जौंला एवं राकेश संघी ने बताया कि महावीर जयंती महोत्सव पर सर्वप्रथम विमल सोगानी, राकेश संघी, प्रकाश बढ़ेरा, विमल जौंला, संजय बढ़ेरा, अजीत काला एवं पोलू गोधा द्वारा भगवान महावीर स्वामी की प्रभातफेरी निकाली गई जो नसिंया जैन मंदिर से चोहटी बाजार, बिलाला चोक, सब्जी मंडी, कायस्थ मोहल्ला, वैयरहाउस, बस स्टैंड, अहिंसा सर्किल होते हुए पार्श्वनाथ उधान जैन नसिंया पहुंची। प्रभातफेरी में श्रद्धालुओं ने आज क्या हें जन्म कल्याणक किनका, भगवान महावीर स्वामी का, भगवान महावीर कोन थे अहिंसा के अवतार थे, भगवान महावीर का अमर संदेश जीवों और जीने दो सहित कई नारो से सम्पूर्ण वातावरण महावीरमय हो गया। इसके बाद वहां पर भगवान महावीर स्वामी के जिनाभिषेक एवं शांतिधारा की गई। उन्होंने बताया कि सन्त निवास नसिंया जैन मंदिर में मयुर एण्ड पार्टी सागर ने नवीन साज सज्जा के द्वारा भगवान महावीर का दरबार लगाया गया जिसमें अनेक पात्रों का चयन किया गया। लधु नाटिका मंचन में भगवान महावीर का जन्म कल्याणक दिखाया गया जिसमें त्रिशला माता के 16 स्वप्न दिखाए। इस दौरान 32 मुकुटबद्ध राजाओं द्वारा भेंट वार्ता करके इन्द्र सभा लगाई गई। हितेश छाबड़ा ने बताया कि सांस्कृतिक कार्यक्रम के तहत सोधर्म इन्द्र का आसन कम्पायमान होना एवं चतुर्थ काल जैसी पंचमकाल में रविवार को अष्ट कुमारियों द्वारा त्रिशला माता की सेवा करना एवं लधु नाटिका मंचन में सामूहिक नृत्य दिखाया। महावीर जन्म कल्याणक महोत्सव में मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा एवं कृषि मण्डी सचिव के के सिंह रहे। विधायक रामसहाय वर्मा ने कहा कि भगवान महावीर सत्य अहिंसा, जन जन के आराध्य, वर्तमान शासन नायक भगवान महावीर विश्व शांति के दूत थे। जिन्होंने जब से लेकर अब तक इस धरा पर प्राणी मात्र को सत्य का अनुसरण करवाया। उन्होंने कहा कि अणुबमो से नहीं अणुव्रतों के धारण करने से विश्व में शांति संभव है। इसलिए भगवान महावीर के सिद्धांत आज भी प्रासंगिक हैं। उन्होंने बताया कि महोत्सव के चलते श्रद्धालुओं ने मानस्तम्भ के चारों ओर विराजमान जिन प्रतिमाओ के संगीतमय पंचामृत महामस्तकाभिषेक किया एवं पण्डित सुरेश कुमार शास्त्री के निर्देशन में श्रद्धालुओं ने श्रीजी की शांतिधारा की।

# भारत के 24वें तीर्थंकर महावीर के संदेश सर्व कल्याणकारी



खबरों की दुनिया

**जयपुर।** रविवार को पुस्तक पाठक संगम की ओर से भगवान महावीर के 2650वें जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में जयपुर के गायत्री नगर ए, महारानी फार्म, दुर्गापुरा स्थित श्री दिगंबर जैन मंदिर में शाम 3 बजे पाठकों के संगम के लिए कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम डॉ. धर्मेंद्र जैन द्वारा लिखित पुस्तक 'तीर्थंकर महावीर' की चर्चा पर केंद्रित रहा।

महावीर भगवान के जन्म से लेकर निर्वाण तक की यात्रा को सभी उपस्थित पाठकों ने चर्चा की। डॉ. महावीर ने भगवान महावीर के कल्याणकारी संदेश बताएं, जिसमें प्रमुख जो सुना नहीं उसे सुनो, जो सुना उसे स्मरण रखो, नए दोष कर्मों को रोको, पुराने पाप कर्मों को नष्ट करो, सम्यक् ज्ञान की शिक्षा प्रदान करो, जिसका कोई नहीं, उसके बनो, ग्लानिरहित सेवा भाव अपनाओ, निष्पक्ष रहो है। मनोज कुमार ने कहा कि भारत के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर जनजन के है। उनके संदेशों को वर्तमान जीवन शैली में सरलता से अपनाना चाहिए। महावीर ने भेदों से ऊपर उठकर संघ बनाया, जिसमें समानता थी।

डॉ. सत्येंद्र ने महावीर के 4 दान अभयदान, आहारदान, औषधिदान और ज्ञानदान की महिमा बताई।

पुस्तक पाठक संगम (बुक रिडर्स क्लब) की संचालिका डॉ. दर्शना ने कहा रिडर्स क्लब का उद्देश्य समाज और विशेषकर युवाओं में स्वाध्याय को बढ़ावा देना है, जिससे हम सब अपने अपने क्षेत्र में सामाजिक मूल्यों को जीवित रखते हुए कार्य कर सके। कार्यक्रम का संचालन कुणाल ने किया। डॉ. दर्शना ने मंदिर कमेटी और पाठकों का आभार व्यक्त किया।

# भोमिया महाराज के मेले को लेकर प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

खबरों की दुनिया



**निवाई।** ग्राम पंचायत ललवाड़ी में भोमिया महाराज के मंदिर में रविवार को भोमिया महाराज का मेला धूमधाम से मनाया जिसमें कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सरपंच मास्टर देवालाल गुर्जर ने बताया कि प्रतिवर्ष की भांति भोमिया महाराज के मंदिर में भोमिया महाराज का मेले का आयोजन धूमधाम से किया। उन्होंने बताया कि मेले में मानव दौड़ प्रतियोगिता में प्रथम सुखराम गुर्जर गणेशपुरा व द्वितीय धर्मवीर गुर्जर बड़ा गांव रहे। घुड दौड़ प्रतियोगिता मे प्रथम स्थान हरजीराम गुर्जर हरभावता व द्वितीय स्थान सीताराम गुर्जर सेदरिया रहे। कुश्ती में प्रथम स्थान विनोद सांसी व द्वितीय स्थान कन्हैयालाल सांसी रहे। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी रामजीवन सैनी, प्रभु सिंह, गिरिराज जांगिड़, किशन सिंह, छोटू माली, भगवान सिंह, अमर बाबोसा, रामकरण बैरवा, लक्ष्मण सिंह, रूपनारायण सेन, सत्यनारायण चौधरी, पप्पू माली व भगवानसिंह सहित कई ग्रामीण मौजूद थे। इस दौरान गांव संग्रामपुरा, गंगापुरा, किशोरपुरा, दहलोत, सेदरिया, श्रीसुखपुरा, विजय गोविंदपुरा, आनंदपुरा, सिरोही व नयागांव सहित कई गांवों के लोग मौजूद थे।

# श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ व हनुमान मूर्ति प्राण प्रतिष्टा महोत्सव को लेकर निकाली कलशयात्रा

खबरों की दुनिया



**निवाई।** गांव पलेई में स्थित कुम्हारों की ढाणी में श्रीमद् भागवत ज्ञान यज्ञ व हनुमान मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव को लेकर रविवार की सुबह कलश यात्रा निकाली गई। श्रद्धालु रामदेव व नानगराम प्रजापत ने बताया कि महोत्सव को शुभारंभ कलश यात्रा के साथ किया। कलश यात्रा गांव के मुख्य मार्गो से होते हुए कथा स्थल पहुंची। कलशयात्रा का जगह-जगह पुष्प वर्षा करके स्वागत किया गया। श्रद्धालु छोटूलाल प्रजापत ने बताया कि मंगलवार की दोपहर हनुमानजी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की जाएगी। उन्होंने बताया कि सुबह 10 से 5 बजे तक कथा वाचक पंडित रामकृष्ण शर्मा बिडोली द्वारा श्रीमद् भागवत कथा को लेकर प्रवचन दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि कथा की पूर्णाहूति 29 अप्रेल को होगी। इस अवसर पर बद्रीनारायण, श्रीराम, राजाराम, श्योजी, कजोड, गोपाल, रामसहाय, रामेश्वर, पप्पूलाल, रामकिशन, रामअवतार, प्रहलाद, अंबालाल, चिरंजी, गणेश, रतिराम, बुधराम, मुकेश, हंसराज, आशाराम, राजेश, सूरज व दिनेश सहित कई श्रद्धालु मौजूद थे।

# चावड़ा माता मन्दिर कठमाणा में मेला आज

खबरों की दुनिया

**पीपलू।** गांव कठमाणा के चावड़ा माता मन्दिर परिसर में एक दिवसीय मेले का आयोजन आज होगा। चावड़ा माता मन्दिर पुजारी मैवाराम गुर्जर ने बताया कि मेले की तैयारियां पूरी कर ली गई है।

मेले का शुभारंभ रविवार शाम को ध्वज फहराने एवं माता की झांकी सजाकर एवं महाआरती के साथ हुआ। मेले की पूर्व संध्या पर भजन संध्या व जागरण का आयोजन हुआ। मेला का मुख्य आकर्षण घोड़ा दौड़ा व ऊंट दौड़ प्रतियोगिता होगी। प्रतियोगिता का समय सोमवार शाम 3 बजे होंगी जिसमें मेला समिति द्वारा गठित टीम द्वारा विजेता का नाम तय किया जाएगा। प्रतियोगिता भैरु जी के जंगल में होगी। प्रतियोगिता में आस-पास गांवों के पशुपालक पशुओं को लाकर प्रतियोगिता में भाग लेंगे। विजेता पशुपालकों को मेला समिति द्वारा इनाम दी जाएगी।

# हथौना में पेयजल समस्या

खबरों की दुनिया

**निवाई।** गांव हथौना में पेयजल समस्या हो रही है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में बीसलपुर लाइन होने के बावजूद भी लोगों को पीने के लिए भी पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। लोग अपने घरों के बाहर मोटर लगाकर जल का अधिक दोहन करते हैं। पशुओं को नहलाते है जिससे अन्य लोगों तक पानी नहीं पहुंच पाता है। अंकितकुमार गुप्ता ने बताया कि 181 नंबर पर शिकायत दर्ज करने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है। ग्रामीणों ने मांग कि है की पेयजल आपूर्ति के समय विद्युत सप्लाई बंद कर दी जाए।

# कांग्रेस के पक्ष में करें मतदान : अभिमन्यु पूनिया




खबरों की दुनिया

**निवाई।** कांग्रेस के उम्मीदवार हरिश मीणा के समर्थन में युवा जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ। पार्षद दयाराम जाट व विक्रमसिंह गुर्जर ने बताया कि जनसंवाद कार्यक्रम में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष अभिमन्यु पूनिया ने युवाओं को कांग्रेस के पक्ष में मतदान करने का आह्वान किया। इस अवसर पर युवा कांग्रेस जिलाध्यक्ष हंसराज गुंजल, आरएलपी के संयोजक शिवराज पलेई, सीआर हनुमान मीणा व रामकिशोर, कप्तान मीणा, सियाराम लुहारा, सूरज भूरटिया, गोविन्द सिंगवाडिया, विक्रम गुर्जर, राजेश खटाणा, सुरेश बेनीवाल, दिनेश झिलाय, विमल जांगिड, रतन चौधरी व रोहित रगल सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

# डॉ. नरूका इनोवेटिव इण्डियन स्कूल अवार्ड से सम्मानित



खबरों की दुनिया

**निवाई।** राहोली के पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी शिक्षाविद डॉ. योगेन्द्र सिंह नरूका को जयपुर के राजस्थान इन्टरनेशनल सेन्टर में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में शैक्षणिक नवाचारों के लिए इनोवेटिव इण्डियन स्कूल अवार्ड से सम्मानित किया गया। डॉ. नरूका को यह सम्मान इनोवेटिव इण्डियन स्कूल अवार्ड के फाउंडर जयेश भट्ट ने प्रदान किया। गौरतलब हो कि शिक्षाविद डॉ. नरूका ने बधिर समुदाय के कलाकारों की कला उन्नयन के लिए डेफ आर्ट मूवमेंट फाउंडेशन की शुरुआत की थी जिससे बधिर कलाकारों की कला को निखारने व उनके काम को पहचान दिलाने में सफलता मिली है। डॉ. नरूका ने नई शिक्षा नीति के अनुरूप कई तरह के शैक्षणिक बदलाव व नवाचार किए है जिससे राहोली के विद्यालयों में सकारात्मक शैक्षणिक परिणाम देखने को मिल रहे है।

# राजपूत समाज लोकसभा चुनाव में समाज के हित में करेगा मतदान



खबरों की दुनिया

**निवाई।** लोकसभा चुनाव को लेकर रविवार को बालिका विद्यालय में राजपूत समाज की बैठक अध्यक्ष गजेंद्रसिंह नरूका की अध्यक्षता में आयोजित हुई। संगठन मंत्री दशरथसिंह चौहान पलेई ने बताया कि लोकसभा चुनाव में राजपूत समाज के साथ भेदभाव किया जा रहा है। जिसको मध्य नजर रखते हुए राजपूत समाज की बैठक आयोजित हुई। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि अबकी बार समाज के लोग अपना मतदान समाज हित में करेंगे। बैठक में डॉ. तेजभंवर सिंह, प्रेमसिंह राजावत, आशुतोष सिंह, राजेंद्रसिंह व देवी सिंह सहित कई पदाधिकारी मौजूद थे।

खबरों की दुनिया

एक नजर

## शादी की 29वीं सालगिरह पर पं सुरेश मिश्रा को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं





### जिसका न पूछे कोई हाल, वहाँ पहुँचे पं. सुरेश मिश्रा तत्काल

सर्व ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष, राजस्थान रग्बी फुटबाल एसोसिएशन के चेयरमैन एवम भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पण्डित सुरेश मिश्रा एवम नीलम मिश्रा को शादी की 29वी सालगिरह की ''दैनिक खबरों की दुनिया'' परिवार की ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाए। आपका दाम्पत्य जीवन सुखमय रहे और जीवन में निरन्तर आगे बढ़ते रहें।

– डॉ. एल. सी. भारतीय

## आचार संहिता के दौरान 784 करोड़ रुपये की अवैध शराब, नकदी एवं अन्य वस्तुएं की जब्त

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** लोकसभा आम चुनाव-2024 के क्रम में 16 मार्च से 20 अप्रैल के बीच राजस्थान में अलग-अलग निगरानी एवं सतर्कता एजेंसियों ने 784 करोड़ रुपये मूल्य से अधिक की अवैध शराब, नशीली दवाएं, नकद राशि आदि जब्त की है. भारत निर्वाचन आयोग के चुनाव को धन-बल, नशे तथा मुफ्त वस्तुओं के प्रलोभन के जरिए प्रभावित होने से रोकने के उद्देश्य के क्रम में अवैध वस्तुओं के परिवहन और भण्डारण पर यह धरपकड़ की जा रही है. इस अवधि में सर्वाधिक 37 करोड़ रुपये से अधिक की जब्ती चूरू जिले में हुई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि प्रदेश में आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के बाद से 784.73 करोड़ रुपये मूल्य की अवैध नकद राशि, नशीली दवाएं (ड्रग्स), शराब, कीमती धातुएं तथा मुफ्त वितरण की जाने वाली वस्तुओं (फ्रीबीज) आदि की जब्ती की गई है. इस अवधि में अलग-अलग एनफोर्समेंट एजेंसियों ने 7 जिलों में 30 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की वस्तुएं पकड़ी हैं।

अब तक सर्वाधिक जब्तियां चूरू जिले में हुई हैं, जिनमें 37.06 करोड़ रुपये मूल्य की वस्तुएं शामिल हैं। प्रवीण गुप्ता के अनुसार, 16 मार्च से 20 अप्रैल तक पाली, डूंगरपुर, दौसा, उदयपुर, झुंझुनू और



गंगानगर जिलों में विभिन्न स्थानों पर क्रमशः 36.48 करोड़ रुपये, 36.35 करोड़ रुपये, 34.03 करोड़ रुपये, 33.41 करोड़ रुपये, 30.17 करोड़ रुपये और 30.02 करोड़ रुपये मूल्य की अवैध वस्तुएं अथवा नकद राशि जब्त हुई हैं। इस क्रम में, भीलवाड़ा, बाड़मेर,जयपुर, जोधपुर, चित्तौड़गढ़, बीकानेर, अलवर, बांसवाड़ा, नागौर, हनुमानगढ़, टोंक, प्रतापगढ़ और राजसमन्द जिलों में भी 20-20 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की वस्तुएं जब्त की गई हैं।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि पकड़ी गई सामग्री में 38.23 करोड़ रुपये की अवैध नकद राशि के साथ ही 83.37 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की नशीली दवाएं, 37.73 करोड़ रुपये से अधिक कीमत की अवैध शराब शामिल है। साथ ही, लगभग 42.82 करोड़ रुपये मूल्य की सोना-चांदी आदि कीमती धातुएं, लगभग 582 करोड़ रुपये मूल्य की अन्य सामग्री तथा 74 लाख रुपये से अधिक कीमत की मुफ्त वितरण की वस्तुएं (फ्रीबीज) भी जब्त की गई हैं।

## भगवान महावीर स्वामी के जन्मोत्सव पर भव्य शोभायात्रा निकाली, जगह जगह हुआ स्वागत

# भगवान महावीर स्वामी के सिद्धांतों को जीवन में अपनाना होगा

# अहिंसा परमो धर्म, जियो और जीने दो के नारों से गुंजा शहर

खबरों की दुनिया

**टोंक।** सत्यअहिंसा , शांति के अग्रदूत वर्तमान शासन नायक भगवान महावीर स्वामी का 2623 वा जन्म कल्याणक महोत्सव हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया।

समाज के प्रवक्ता पवन कंटान व कमल सर्राफ ने बताया भगवान महावीर स्वामी के जन्म कल्याणक पर श्री दिगंबर जैन नसिया में प्रातःकाल श्रद्धालुओं ने अभिषेक एवं शांति धारा की क्रियाएं संपन्न की। तत्पश्चात श्री दिगंबर जैन नसिया से भव्यशोभायात्रा निकाली गई जो शोभायात्रा घंटाघर पर हाउसिंग बोर्ड एवं पुरानी टोंक की शोभा यात्रा के साथ संगम हुआ।

पुरानी टोंक में जैन समाज प्रवक्ता राजेश अरिहन्त ने बताया कि इस शोभायात्रा में भगवान महावीर स्वामी के जयकारे अहिंसा परमो धर्म,त्रिशला नंदन वीर की जय बोलो महावीर की सत्यअहिंसा प्यारा है यही हमारा नारा है के जयकारो से गुंजानमय हुआ। बैंड बाजा के मधुर भजन केसरिया केसरिया, पंखिड़ा तू उड़ के जाना, आदि भजनों पर नीलम सुथडा ,अंजना मंडावर, आशा गंगवाल बीना बंथली, पदमा छामुनिया ,सुनीता ,अनीता बोरदा , शीलू ,बरखा,इना बिलासपुरिया राजकुमारी अत्तार सोनू छामुनिया, सरिता बरवास भक्ति नृत्य किया इस साथ ही छोटे-छोटे बच्चे की मनमोहक झांकियां साथ में चल रही थी। अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन , अग्रवाल समाज टोंक, श्री शांतिधारा परिवार बड़ातख्ता, अखिलभारतीय

वैश्य महासम्मेलन, काफला जैन समाज एवं अनेक संस्थाओं की ओर पुष्प वर्षा की गई यह शोभायात्रा अहिंसा सर्किल के पास महावीर जिनालय में विसर्जन हुई।

जहां कीर्ति स्तंभ पर जिलाध्यक्ष अजीत सिंह मेहता, सांसद प्रत्याशी सुखबीर सिंह जोनापुरिया, टोंक जिला प्रमुख सरोज नरेश बंसल एवं पूर्व सभापति लक्ष्मी देवी जैन, श्याम लाल जैन, अध्यक्ष भागचंद फुलेता, मंत्री राजेश सर्राफ,लोकसभा संयोजक नरेश बंसल के द्वारा माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित किया किया गया।

श्री जी के अभिषेक के पश्चात पंडित प्रमोद कुमार शास्त्री ने कहा कि भगवान महावीर स्वामी के सिद्धांतों को अपने जीवन में उतारना चाहिए सत्य और अहिंसा का मार्ग अपनाना चाहिए।

इस मौके पर समाज के धर्मेंद्र जैन, धर्मचंद दाखिया, विकास अतार, अनिल सर्राफ, अंकुर पाटनी, निर्मल फुलेता, डॉ.चेतन जैन, मुकेश बरवास, रमेशकाला, विकास सुथड़ा,जयदीप बड़जात्या, नवीन अलीगढ़, कुंदन आड़रा,विक्रम जैन,अध्यक्ष सरावगी समाज रमेश जैन,दिनेश कासलीवाल, प्रदीप सोनी,पवन जैन आदि लोग उपस्थित थे। सायंकाल की बेला में न्यू महावीर कॉलोनी से बेंड बाजो के साथ भव्य आरती श्री जेन नशिया आई वहां पर सभी ने भक्ति करते हुए भगवान की 108 दीपों से महाआरती की आरती, प्रश्नमंच, स्वाध्याय, शास्त्रज्ञान, एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी तरह बड़ा मंदिर में प्रातः कालीन बेला में शांतिनाथ महामंडल विधान का आयोजन किया गया। विधान के अंदर चारों दिशाओं से इंद्रो ने 120 अघ्र समर्पित करके विश्व शांति की कामना की।









## नगर निगम ग्रेटर ने की मीट की दुकानों पर कारवाई, जब्त किया 1200 किलो मीट

# महावीर जयंती के मौके पर नियमों के विपरीत मीट और मांस बेचा जा रहा था : हरेन्द्र सिंह चिराना

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** जयपुर में महावीर जयंती के मौके पर मीट और मांस बेचा जा रहा था।

जिसकी शिकायत मिलने पर नगर निगम की टीम ने बड़ी कार्यवाही को अंजाम देते हुए शहर के वैशाली नगर, मानसरोवर, इंडिया गेट, कुंभा मार्ग, प्रताप नगर, खातीपुरा, झोटवाड़ा और जगतपुरा में 30 से ज्यादा दुकानों पर कार्रवाई कर 1200 किलो से ज्यादा मीट और मांस जब्त कर नष्ट किया है। दरअसल, महावीर जयंती के मौके पर मीट और मांस की दुकान बंद करने का प्रावधान होता है। बावजूद इसके शहर में बड़ी



जगह पर मीट और मांस खुलेआम बेचा जा रहा था।

आम जनता ने जब इसकी शिकायत नगर निगम टीम को की। तो नगर निगम की पशु प्रबंधन और नियंत्रण शाखा की टीम ने औचक निरीक्षण कर शहर में खुली 30 से ज्यादा दुकानों पर 1200 किलो से ज्यादा मीट और मांस जब्त किया है।

इस दौरान निगम की टीम ने तीन दुकानों को सीज भी किया है। जहां नियमों के विपरीत मीट और मांस को काटकर और बेचा जा रहा था। जयपुर नगर निगम ग्रेटर के पशु प्रबंधन शाखा उपयुक्त हरेंद्र सिंह चिराना ने बताया कि आज महावीर जयंती के मौके पर नियमों के विपरीत मीट और मांस बेचा जा रहा था।

जिसकी शिकायत मिलने के साथ ही पूरे शहर में नगर निगम की टीम ने औचक निरीक्षण कर कार्रवाई शुरू कर दी गई।

इस दौरान निगम की टीम को कुछ दुकानों पर भारी अनियमित भी मिली।

जिनके खिलाफ चालान बनाकर सीज की कार्रवाई को अंजाम दिया गया है।

वहीं कुछ दुकानों से अवैध मीट को जब्त कर नष्ट किया गया।

## जयपुर में सोने से चमकते रथ के साथ निकली भगवान महावीर की भव्य शोभायात्रा



खबरों की दुनिया

**जयपुर।** रविवार को जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर की जयंती मनाई गई। इस मौके पर रामलीला मैदान तक भव्य झांकियां निकाली गई। इन झांकियों में अलग-अलग मैसेज समाज को दिए गए। साथ ही लोग नाचते-गाते शोभायात्रा में शामिल हुए। जो रामलीला मैदान पहुंचकर धर्म सभा में बदल गई। सभा के अध्यक्ष सुभाष चन्द जैन व महामंत्री मनीष बैद ने बताया- रामलीला मैदान में आचार्य चैत्य सागर, आचार्य शशांक सागर महाराज और गणिनी आर्यिका विज्ञाश्री माताजी ससंघ के सानिध्य में धर्म सभा रखी गई। इस धर्म सभा के लिए विशाल पाण्डाल बनाया गया है। धर्म सभा के दौरान दीक्षा का भी आयोजन किया गया। आचार्य चैत्य सागर महाराज के सानिध्य में दीक्षार्थी राकेश वीर भानू जैन ने दीक्षा ग्रहण की। दीक्षार्थी राकेश जैन का जन्म कासगंज (उत्तर प्रदेश) में हुआ है। राकेश जैन के परिवार में माता-पिता, पत्नी सुमन लता, तीन पुत्र, एक पुत्री है। उन्होंने 2019 में आचार्य चैत्य सागर महाराज से ब्रह्मचर्य व्रत धारण किया था।

## शासन सचिव पीएचईडी समित शर्मा ने प्रातः 4 बजे किया औचक निरीक्षण, अवैध बूस्टरों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश

# पेयजल आपूर्ति के समय मुख्य अभियंता से लेकर कनिष्ठ अभियंता तक सभी अधिकारी फील्ड में नियमित रूप से दौरा करें और आमजन को पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करें एवं जल समस्याओं का समाधान करें : डॉ. समित शर्मा

खबरों की दुनिया

**जयपुर।** जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा रविवार को प्रातः 3.30 बजे जयपुर शहर के परकोटा में दौरे पर निकले और 4 बजे से उन्होंने विभिन्न स्थानों का औचक निरीक्षण कर पेयजल आपूर्ति का जायजा लिया।

डॉ. शर्मा ने मौजूदा जल कनेक्शन में लीकेज की जांच कर उन्हें रिपेयर करने एवं जलापूर्ति की निरंतर मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। निरीक्षण में उनके साथ मुख्य अभियंता (अर्बन) राकेश लुहाड़िया अतिरिक्त मुख्य अभियंता अमिताभ शर्मा एवं अधीक्षण अभियंता अधिशासी अभियंता सहायक और कनिष्ठ अभियंताओं की पूरी टीम थी।

उन्होंने दोषी अधिकारियों के विरुद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के तत्काल बाद विभाग ने त्वरित कार्यवाही करते हुए अनेक स्थानों से बूस्टर जप्त कर लिए और लीकेज रिपेयर का कार्य भी प्रारंभ कर दिया गया। शासन सचिव पीएचईडी ने कहा कि मुख्य जल वितरण पाइपलाइन से निकलने वाले सर्विस कनेक्शंस का पेयजल आपूर्ति के समय फील्ड अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से निरीक्षण किया जाना सुनिश्चित करें, जिससे लीकेज सहित अन्य समस्या का तत्काल समाधान किया जा सके।

शासन सचिव पीएचईडी ने कहा कि जलापूर्ति के समय अवैध रूप से बूस्टर का इस्तेमाल रोकने के लिए विभाग द्वारा प्रभावी कार्यवाही की जाएगी।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन क्षेत्रों में अवैध बूस्टर लगे हुए पाए जाएं उन बूस्टर को जब्त किया जाए साथ ही पेनल्टी लगाते हुए संबंधित उपभोक्ता के





विरुद्ध कठोर कार्यवाही की जाए। अगर उपभोक्ता फिर भी नहीं माने तो संबंधित उपभोक्ता के नल कनेक्शन को डिस्कनेक्ट करने के लिए आवश्यक कार्यवाही की जाए।

शासन सचिव ने नाहरगढ़ रोड, गोविंद राव का रास्ता, बाबा हरिशचंद्र मार्ग, मिश्रा राव जी का रास्ता का निरीक्षण किया गया । सचिव द्वारा मिश्रा राव जी के रास्ता पर नगर निगम द्वारा सीवर कार्य के दौरान क्षतिग्रस्त पेयजल लाइन पर नाराज़गी ज़ाहिर करते हुए नगर निगम के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर संयुक्त निरीक्षण करने के निर्देश दिए। इस दौरान दिल्ली रोड पर 17.9 किलोमीटर पाइपलाइन एवं भूजल विभाग के कैंपस में स्थित 1300 लाख लीटर क्षमता के जलाशय एवं पम्प हाऊस निर्माण का निरीक्षण किया। योजनांतर्गत कार्य पूर्ण कर 30 अप्रैल तक आम जन को पूर्ण रूप से लाभांवित करने के निर्देश दिए।

उन्होंने परकोटा के विभिन्न क्षेत्रों में की जा रही पेयजल की आपूर्ति की समीक्षा की तथा परकोटे की सप्लाई को भूजल विभाग के कैंपस के कार्य के उपरान्त री-शेड्यूल करने के निर्देश दिए ताकि उपभोक्ताओं को सही समय पर उचित मात्रा में पेयजल उपलब्ध हो सके।

### पेयजल वितरण समय के दौरान निरीक्षण करें

शासन सचिव ने कहा कि प्रदेश में पेयजल आपूर्ति के दौरान निरीक्षण किया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि मुख्य अभियंता एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंता द्वारा सप्ताह में एक बार, अधीक्षण अभियंता द्वारा सप्ताह में दो बार, अधिशासी अभियंता द्वारा सप्ताह में तीन बार, सहायक अभियंता द्वारा सप्ताह में चार बार और कनिष्ठ अभियंता द्वारा सप्ताह में 6 बार आवश्यक रूप से पेयजल सप्लाई के समय निरीक्षण किया जाए और मौके पर फइटर, हेल्पर और वॉल मैन की सहायता से लीकेज को ठीक किया जाए, नियमित आपूर्ति गुणवत्ता एवं प्रेशर की जांच की जाए। साथ में अवैध कनेक्शन और बूस्टर के विरुद्ध भी सख्त कार्रवाई की जाए जिससे कि टेल ऐंड पर पानी पहुंच सके।

### निरीक्षण के दौरान इन बातों का रखें विशेष ध्यान

शासन सचिव ने बताया कि सभी जगह सही दबाव के साथ पानी पहुंच रहा है इसका ध्यान रखा जाए और गुणवत्ता के सैंपल लिए जाए। कहीं कोई पाइपलाइन से लीकेज हो रहा है तो तत्काल रिपेयर किया जाए। इसी तरह रिजिडुअल क्लोरीन टेस्ट सहित अवैध कनेक्शन एवं बूस्टर के खिलाफ सुधारात्मक कार्रवाई की जाए।

पेयजल के समय जो लीकेज नजर आए उन्हें रिपेयर किया जाए। जल वितरण एवं गुणवत्ता संबंधी समस्याओं का निराकरण कर उपभोक्ताओं को राहत प्रदान की जाए।

स्वामी, प्रकाशक व मुद्रक अजय भारतीय के लिए **आकाशदीप प्रिन्टर्स एण्ड पब्लिशर्स**, सेक्टर11, अग्रवाल फार्म जयपुर से मुद्रित एवं सिविल लाइन रोड़, तालकटोरा चौराहा, टोंक से प्रकाशित। **सम्पादक :** बाबूलाल शर्मा 9414045027, 244427 **प्रधान कार्यालयः** मानसरोवर जयपुर फोनः 9829061123